दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 55 | जयपुर | शनिवार, 28 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





# पूर्व प्रधानमंत्री का आज निगमबोध पर 11.45 बजे होगा अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जहां अंतिम संस्कार हो, वहां स्मारक बनाया जाए। उन्होंने मोदी-शाह से फोन पर कहा- यही पूर्व पीएम के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। डॉ. सिंह की अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे दिल्ली स्थित एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से निगमबोध घाट के लिए रवाना होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने बताया- शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से एआईसीसी मुख्यालय लाया जाएगा, जहां सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे।

इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस मुख्यालय पर सीडब्लयूसी की बैठक हुई, इसमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। देश के पहले सिख पीएम, सबसे लंबे समय इस पद पर रहने वाला चौथे नेता मनमोहन सिंह, 2004 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने मई 2014 तक इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए थे। वे देश के पहले सिख और सबसे लंबे समय तक रहने वाले चौथे प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने ट्वीटर पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया।

## ईओ-आरयू पेपर में ब्लुटूथ से नकल करने वाले तीन गिरफ्तार

### चीटिंग करवाने वाले दो सरकारी कर्मचारी पकड़े, मोबाइल सिमकार्ड उपलब्ध करवाए थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ईओ-आरयू पेपर लीक केस में एसओजी ने तीन आरोपियों को अरेस्ट किया है। इसमें चीटिंग करवाने के मामले में पकड़े गए दो सरकारी कर्मचारी है। एग्जाम पास करवाने के लिए उन्होंने अपने तीसरे साथी की मदद की थी। एसओजी टीम ने तीनों आरोपियों को शुक्रवार कोर्ट में पेश कर चार दिन का रिमांड लिया है। एसओजी टीम तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एडीजी (एटीएस व एसओजी) वीके सिंह ने बताया- आरोपी दीपक प्रजापत (24) पुत्र मुरलीधर निवासी कुचेरा नागौर, रामप्रकाश (26) पुत्र राधाकिशन निवासी कुचेरा नागौर और विकेश कुमार मान (28) पुत्र सोहन लाल निवासी लुणकरणसर बीकानेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रामप्रकाश उदयपुर जिले के कोर्ट क्रम संख्या-2 में एलडीसी ग्रेड सेकेंड और विकेश कुमार मान डीजे कोर्ट जालोर में लिपिक ग्रेड सेकेंड के पद पर कार्यरत है। ईओ/आरओ भर्ती परीक्षा-2022 में आरोपी दीपक प्रजापत ने ब्लूटूथ से चीटिंग कर एग्जाम पास की थी। आरोपी रामप्रकाश और विकेश कुमार ने ब्लूटूथ से चीटिंग करवाने में मोबाइल सिमकार्ड उपलब्ध करवाए।

### दिसंबर 2023 में पात्रता की जांच हुई थी

आरपीएससी की ओर से 14 मई-2023 को राजस्व अधिकारी सेकेड ग्रेड और अधिशाषी अधिकारी चतुर्थ लेवल भर्ती परीक्षा-2022 का आयोजन हुआ था। प्रदेश में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में यह परीक्षा करवाई गई थी। लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित 111 अभ्यर्थियों को 11 दिसंबर से 13 दिसंबर-2023 के बीच आरपीएससी की ओर से काउंसलिंग के माध्यम के लिए बुलाया गया था।



# भारी बारिश और ओलावृष्टि से बढ़ी ठण्ड

## सीकर सहित कई जिलों में बारिश; कोहरे के कारण एक्सीडेंट, 2 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश-कोहरे के कारण के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में धुंध के कारण ट्रक-कंटेनर की भिड़ंत में दो की मौत हो गई। जबकि उदयपुर में कोहरे के कारण 4 फ्लाइट के डायवर्ट किया गया है। झुंझुनूं-हनुमानगढ़ और चूरू में कई जगह भारी ओलावृष्टि हुई है, इससे फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले गुरुवार रात से शुरू हुआ हल्की बारिश का दौर शुक्रवार दोपहर को भी जारी है। बारिश के कारण जयपुर सहित 9 जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शीतलहर से भी ठिठुरन बढ़ी है। मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज, जबकि 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले तीन दिन घना कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है।

### जयपुर में दोपहर में अच्छी बारिश, उदयपुर-अजमेर में भी मावठ



प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से सीकर, अजमेर, जयपुर, उदयपुर, झुंझुनूं, चूरू, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और कोटपूतली-बहरोड़ में शुक्रवार सुबह बारिश हुई। जयपुर में दोपहर को घने बादल छाए, इस वजह से दिन में ही अंधेरा हो गया। यहां सुबह से शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं, बीती रात पाली और जालोर में भी तेज बरसात हुई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में बारिश और कई जगह ओले गिरने की आशंका जताई है।

**नीमकाथाना में गिरी बिजली, घर के कई उपकरण जले-**नीमकाथाना के अभय कॉलोनी और छावनी कॉलोनी में दोपहर को दो मकानों पर बिजली गिरी। इससे मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं। बिजली के उपकरण जल गए। डॉ. राजेश जाखड़ ने बताया- हम परिवार के साथ मकान में बैठे हुए थे। अचानक तेज धमाका हुआ। बाहर आकर देखा तो मकान की छत पर बिजली गिरने से दरारें आ गईं। इसके साथ ही कई बिजली के उपकरण भी जल गए।

## सीए फाइनल में जयपुर की आस्था की छठी रैंक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** देशभर के युवाओं का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट नवंबर परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 11,253 स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

जयपुर की आस्था अग्रवाल ने ऑल इंडिया में छठीं रैंक हासिल की है। उन्होंने 600 में से 481 अंक हासिल किए हैं। उनके साथ ही जयपुर की निकिता ने 20वीं, भरत गुप्ता ने 25वीं, प्रियल अग्रवाल ने 42वीं, हर्षित बंसल ने 46वीं और पीयूष अग्रवाल ने 49वीं रैंक हासिल की है। पाली के रहने वाले सिद्धार्थ लड्ढा ने पहले ही प्रयास में सीए फाइनल पास किया।

## रंगदारी वसूलने में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने रंगदारी वसूलने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। वह पिछले चार महीने से फरारी काट रहा था। शास्त्री नगर थाने की पुलिस टीम ने कोटा शहर में दबिश देकर आरोपी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम उसके फरार दो साथियों की तलाश में दबिश दे रही है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया- रंगदारी वसूलने के मामले में आरोपी मोहम्मद शाहरुख कुरैशी (31) निवासी सुदामापुरी नाहरी का नाका शास्त्री नगर को अरेस्ट किया गया है। उसके खिलाफ 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शाहरुख कुरैशी शास्त्री नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# महिला खेल-कूद प्रतियोगिता रविवार को

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ,जयपुर हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव और विधायक बालमुकुंद आचार्य ने महिला खेल-कूद प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया। महिला खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन नृत्यम इवेंट प्लानर की ओर से रविवार को जयपुर के तालकटोरा-ब्रह्मपुरी स्थित पौंड्रिक पार्क में किया जाएगा। इस महिला खेल-कूद प्रतियोगिता में रस्साकसी, नीबू चम्मच दोड़ आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। जितने वाले विजेता और उपविजेता को पुरस्कार भी दिया जाएगा। महिला खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को सामने लाना है और इसमें विभिन्न खेलों में महिला खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन के जरिए महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा। कई युवा खिलाड़ी जो पहले अपने खेल को लेकर संकोच करती थीं,अब उन्हें एक मंच मिलेगा। आयोजकों का मानना है कि महिला खिलाड़ियों को समान अवसर देना खेल जगत को और भी सशक्त बनाएगा।

कार्यक्रम की आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि नृत्यम सोशल ऑर्गेनाइजेशन की ओर से रविवार को जयपुर शहर के पौंड्रिक पार्क में महिला खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा,जैसै रस्साकसी, नीबू चम्मच दोड़ आदि खेल। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि जयपुर हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव, विशिष्ठ अतिथि हवा महल विधानसभा क्षेत्र विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित अतिथियों में पार्षद मनोज मुद्गल,रजत बिश्नोई और स्टेट कोऑडिनेटर प्रभारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीस विभाग के सागर महावर,पूर्व सदस्य राजस्थान धरोवर जेडीए भवानी शंकर माली सहित माणक चौक थानाधिकारी गुरू भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं महिला खेल-कूद प्रतियोगिता में सैकडों की सख्यां में महिलाएं शामिल होंगी। काजल सैनी बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ना है। जिसे हम बचपन में खेला करते थे। इस कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को उपहार दिए जाएंगे। विशेष ट्रेनिंग सत्रों में भाग लेकर वह अपनी फिटनेस और खेल कौशल को बेहतर बना रही है प्रतियोगिता के लिए महिला खिलाड़ी इन दिनों कड़ी मेहनत कर रही हैं। विशेष ट्रेनिंग सत्रों में भाग लेकर वह अपनी फिटनेस और खेल कौशल को बेहतर बना रही हैं। कई टीमों ने अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है और खिलाड़ी अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। समाज में अपनी उपस्थिति और ताकत दिखाने का एक शानदार अवसर मिलेगा इस आयोजन के जरिए महिला खिलाड़ियों को समाज में अपनी उपस्थिति और ताकत दिखाने का एक शानदार अवसर मिलेगा। यह आयोजन न केवल महिला खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी पहल है, बल्कि यह खेलों के प्रति समाज की सोच को बदलने में भी मदद करेगा।





# ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने के मामले में तीन गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राजस्व अधिकारी (आरओ) एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) 2022 का पेपर लीक मामले में शुक्रवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस और एसओजी अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में दीपक प्रजापत (24) निवासी खजवाना जिला नागौर, रामप्रकाश (26) निवासी निम्बड़ी चांदावता जिला नागौर हाल एलडीसी ग्रेड द्वितीय पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या 02 उदयपुर और विकेश कुमार मान (28) निवासी लूणकरणसर जिला बीकानेर हाल लिपिक ग्रेड द्वितीय, डीजे कोर्ट जालौर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपित दीपक प्रजापत द्वारा ईओ-आरओ परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कर परीक्षा पास की गई थी और अन्य आरोपी राम प्रकाश एवं विकेश कुमार मान को ब्लूटूथ से नकल करवाने में मोबाइल सिम उपलब्ध करवाई गई है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 14 मई 2023 को ईओ-आरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें पोरव कालेर व तुलछाराम कालेर ने अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से नकल करवाई गई थी। इस संबंध में मामला थाना एसओजी में दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। इस प्रकरण में 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# कामधेनु गौशाला को हरि संकीर्तन प्रेमी मंडल ने भेंट किया एक पिकअप चारा



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** यहां चाकसू बायपास पर गरूड़ वासी मोड़ पर गौसेवा परिवार समिति चाकसू द्वारा जनसहयोग से संचालित श्री कामधेनु गौशाला के लिए कस्बे में स्वेच्छा एवं निस्वार्थ भाव से संचालित हरि कीर्तन प्रेमी मंडल ने सहयोग एवं भेंट में प्राप्त राशि से एक पिकअप चारा खरीद कर भेंट किया है। गौशाला परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता महेश शर्मा ढूसरी, बुद्धि प्रकाश गौतम, लालाराम सैनी, राजेंद्र गोस्वामी, आशीष गुप्ता अनिल गौतम सहित अन्य लोगों ने मंडल का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पिछले अनेक वर्षों से धर्मप्रेमी एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का एक ग्रुप निस्वार्थ भाव से निमंत्रण पर घर घर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ हनुमान चालीसा एवं हरि संकीर्तन निशुल्क करता आ रहा है, कार्यक्रम में प्राप्त भेट एवं सहयोग राशि एकत्रित कर चाकसू कामधेनु गौशाला में सहयोग स्वरूप समर्पित करता आ रहा है। यही कारण है कि लोग आदर पूर्वक हरि संकीर्तन प्रेमी मंडल की सेवाएं भी ले रहा है एवं दिल खोलकर सहयोग व भेंट भी दे रहे है। हरि संकीर्तन कार्यक्रम में गायक मुकेश घीया, दिनेश शर्मा,सुधीश तिवारी, लहरी शंकर शर्मा, नरेश गौतम, वैद्य मोहनलाल पटेल सहित अन्य गायक कलाकारों ने भाग लिया।

# जयपुर में आयोजित होगा क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0

## क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0 में स्वास्थ्य क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता पर होगा फोकस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** हॉस्पिटल्स के कुशल संचालन और गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाए रखने के लिए देशभर के टॉप हॉस्पिटल के के मैनेजमेंट से जुड़े एक्सपर्ट्स विचार विमर्श करेंगे। मौका होगा क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0 का। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आगामी 5 जनवरी 2025 को सीके बिरला हॉस्पिटल की ओर से क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य विषय स्वास्थ्य क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता पर केंद्रित है। कार्यक्रम में देशभर के स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ, प्रशासक और प्रोफेशनल्स भाग लेंगे। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. लल्लू जोसेफ (सचिव जनरल, सीएएचओ), डॉ. पराग रिंदानी (सीईओ, वोकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई), डॉ. ईशा अरोड़ा (क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया), डॉ. शीनू झवार (डायरेक्टर, एपेक्स हॉस्पिटल्स) और डॉ. सवरेश अग्रवाल (ग्रुप सीईओ, राजस्थान हॉस्पिटल्स) शामिल होंगे। सीईओ विपुल जैन ने कहा कि इस कॉन्क्लेव में मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम सहयोग, घटना रिपोर्टिंग को प्राथमिकता, लीएन प्रिंसिपल्स के उपयोग, अस्पतालों में स्थिरता और डेटा के माध्यम से प्रदर्शन सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। सीके बिरला हॉस्पिटल के वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी और मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ. सुहासिनी जैन ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार और मरीजों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मेडिकल सर्विस के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. समीर सिंह, क्वालिटी हेड डॉ. कीर्ति ताम्बी और काहो के स्टेट चेयरपर्सन डॉ. निहार भाटिया ने बताया कि यह आयोजन अस्पतालों में घटना रिपोर्टिंग की प्राथमिकता, नवीन तकनीकों के उपयोग और स्थिरता के लिए नए समाधानों को लागू करने जैसे विषयों पर चर्चा का मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता और सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक,गांजा और शराब पीकर शांति भंग करने वाले ग्यारह लोग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक,गांजा और शराब पीकर शांति भंग करने वाले ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक,गांजा और शराब पीकर शांति भंग करने वाले तेजाराम,रमेश सांसी,शेरखान,सोहिल मिर्जा, अजीत, लाखन, सुरेन्द्र,जुनेद,प्रकाश चंद केशवानी,जितु बंजारा और रोशन बंजारा को गिरफतार किया गया है।

# आकाशवाणी एम आई रोड श्री शनि धाम पौष बड़ा महोत्सव चार जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** आकाशवाणी एम आई रोड श्री शनिधाम मंदिर पर चार जनवरी 2025 को पौष बड़ा महोत्सव मनाया जाएगा। पौष बडा महोत्सव में पूरे मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही शनि महाराज का तेलाभिषेक कर विशेष श्रृंगार कर फूल बंगले में विराजमान किया जाएगा। वहीं हनुमान जी महाराज के दूध ,दही से स्नान करवाने के पश्चात घी मे चौला चढ़ाया जाएगा। हनुमान जी को चौला चढाने के पश्चात शनि मंत्र व श्री हनुमंत नम का जाप किया जाएगा। मंदिर महंत मगन गौड ने बताया कि श्री शनिधाम मंदिर आकाशवाणी एम आई रोड पर चार जनवरी 2025 को पौष बड़ा महोत्सव में मंदिर प्रंगाण में बाबा की झांकी सजाई जाएगी। जिसमें महाआरती के बाद भक्त बाबा के दर्शन कर पाएंगे। हनुमान जी महाराज एवं शनि महाराज को पौष बडों का भोग अर्पित किया जाएगा। जिसके पश्चात भक्तों को प्रसादी वितरण की जाएगी। जिसमें हजारों लोग पौष बड़ा प्रसादी पाएंगे।




# जबरन वसूली करने वाला एचएस शाहरुख गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जबरन वसुली करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जो पिछले चार माह से फरार चल रहा था।

आरोपी तीन लाख रुपये वसुल चुका है और दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मारपीट,चोरी,छेडछाड और अवैध हथियार रखने के दस से ज्यादा मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जबरन वसुली करने वाले हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद करैशी निवासी शास्त्रीनगर जयपुर को गिरफतार किया गया है।

आरोपित शास्त्रीनगर थाने का एचएस है और उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों मे चोरी, मारपीट,लडाई-झगडे, तोडफोड, वसुली,छेडछाड और अवैध हथियार रखने के दस मामले दर्ज है। वहीं इस वसुली के मामले में इमरान कुरैशी और सलमान कुरैशी की तलाश की जा रही है।

# आठ वर्षीय बच्ची ने जीता जूडो कराटे में येलो बेल्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजधानी जयपुर की रहने वाली एक आठ वर्षीय बच्ची ने जूडो कराटे प्रतियोगिता में येलो बेल्ट जीत कर जयपुर का नाम रोशन किया है। इस छोटे से खेल नायक ने हाल ही में जूडो कराटे में येलो बेल्ट जीतकर अपने माता-पिता और प्रशिक्षकों को गर्व महसूस कराया। यह पुरस्कार न केवल उसकी कठिन मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि उसकी मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति उसकी सच्ची लगन को भी दर्शाता है। येलो बेल्ट प्राप्त करना जूडो और कराटे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है। जो एक खिलाड़ी के कौशल में सुधार और प्रशिक्षण के दौरान उसकी प्रगति को प्रमाणित करता है। जयपुर परकोटा गणेश मंदिर पुजारी अमित शर्मा की आठ वर्षीय बच्ची दिव्यांशी शर्मा ने बताया कि वह पिछले छह माह से प्रतिष्ठा कराटे एकेडमी में जूडो और कराटे सीख रही है। साथ ही राष्ट्रीय -अंतर राष्ट्रीय में आयोजित होने वाले जूडो और कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने देश भारत का नाम रोशन करेगी। वहीं इस उपलब्धि को लेकर कहा कि उसने बहुत मेहनत की और उसे यकीन था कि वह यह हासिल कर सकती है। वह अपने कोच और परिवार का धन्यवाद करती है जिन्होंने हमेशा उसका साथ दिया। वहीं बच्ची की सफलता को देखकर उसके स्कूल और समुदाय में भी उत्साह का माहौल है। उसकी यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए एक प्रेरणा बन गई है। जो अब अपनी पसंदीदा गतिविधियों में अधिक मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। यह उपलब्धि निश्चित रूप से इस बच्ची के खेल के प्रति प्यार और आत्मविश्वास को और भी मजबूत करेगी और भविष्य में उसे और बड़ी उपलब्धियों की ओर प्रेरित करेगी।



# वन विभाग का रेंजर को आकस्मिक चैकिंग में 1 लाख 90 हजार रुपये की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भीलवाड़ा-प्रथम टीम ने आकस्मिक चैंकिंग की कार्रवाई करते हुये रेंज-मांडलगढ़ जिला भीलवाड़ा के क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) पुष्पेन्द्र सिंह को उसके सरकारी वाहन बोलेरो कैम्पर से 1 लाख 90 हजार रुपये संदिग्ध रिश्वत राशि लेकर भीलवाड़ा जाते हुये पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भीलवाड़ा-प्रथम टीम को एक गोपनीय सूत्र-सूचना प्राप्त हुई थी कि क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) पुष्पेन्द्र सिंह खनन माफियाओं से मिलीभगत कर वन विभाग की भूमि पर अवैध खनन का सरंक्षण देकर दलालों के मार्फत मोटी धनराशि रिश्वत के रूप में एकत्रित कर भीलवाड़ा जा रहा है।जिस पर एसीबी की भीलवाड़ा-प्रथम टीम के पुलिस उप अधीक्षक पारसमल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया और टीम ने आकस्मिक चैकिंग की कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) पुष्पेन्द्र सिंह को उसके सरकारी वाहन बोलेरो कैम्पर से 1 लाख 90 हजार रुपये संदिग्ध रिश्वत लेकर भीलवाड़ा जाते हुये पकड़ा है। मौके पर आरोपित से संदिग्ध राशि के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर संदिग्ध राशि को कब्जा एसीबी लिया गया है।

# नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति/संविदा पर पदों पर भर्ती का विरोध

## नगरपालिका सेवा के अधिकारियों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति और संविदा पर विभिन्न सेवा संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियुक्ति के आदेश का राजस्थान नगर पालिका प्रशासनिक सेवा परिषद एवं नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन व नगर पालिका तकनीकी सेवा एसोसिएशन द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है। मुख्यमंत्री के नाम जयपुर जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित कार्मिकों को भी प्रतिनियुक्ति ओर संविदा के मार्फत से भर्ती की जा रही है। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को नगर पालिका अधिनियम एवं निकायों से संबंधित अन्य नियमों विनियमों की जानकारी होती है। दूसरे विभागों में कार्यरत कार्मिक इन नियमों के जानकर नहीं होते नगर निकायों में प्रतिनियुक्ति से अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य सरकार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव के साथ साथ नगरीय निकायों की स्थिति और भी दयनीय हो जायगी। ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिनियुक्ति संबंधी सरकार के पूर्व अनुभव ठीक नहीं रहे है। उदाहरणार्थ नव सरकार गठन होते ही जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्ति, संविदा के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को हटाया गया है। पूर्व में पंचायत समितियों में विकास अधिकारियों के पद प्रतिनियुक्ति पर भरे जाते थे, जिनका अनुभव भी ठीक नहीं रहा। इसी कारण राज्य सरकार को विकास अधिकारी पद के लिये राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा के नाम से एक स्टेट कैडर गठन की आवश्यकता पड़ीं। निकाय में भी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित नगर पालिका के अन्य तकनीकी अधिकारियों का एक मजबूत प्रशासनिक तकनीकी कैडर बनाया जाये। जिससे नगरीय निकायों में गुड गवर्नेंस की स्थापना हो सकें। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि मार्च 2025 में इन पदों की भर्ती की परीक्षा आरपीएससी द्वारा प्रस्तावित है। तब तक पास की निकायों के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार या तहसीलदार/एसडीएम को कार्यभार देकर के काम चलाया जा सकता है। आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी द्वितीय, तृतीय एवं एक्सईएन, एईएन, एटीपी, यू डीसी ओ ए के पदों को पदोन्नति द्वारा भी भरा जा सकता है जोकि काफी समय से लम्बित हैं। ज्ञापन देने वालों में चाकसू पालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल मीणा सहित बस्सी पालिका सेवा के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# रोजगार कार्यालय का कनिष्ठ सहायक सात सौ रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की धौलपुर टीम ने शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय जिला धौलपुर के कनिष्ठ सहायक दीपक गोयल को परिवादी से सात सौ रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुसि महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की धौलपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के अन्तर्गत जारी इन्टर्नशिप में स्थान परिवर्तित करने की एवज में जिला रोजगार कार्यालय का कनिष्ठ सहायक दीपक गोयल की ओर से डेढ हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है।

एसीबी की धौलपुर टीम के पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कार्यवाही करते हुए कनिष्ठ सहायक दीपक गोयल को सात सौ रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# विधवा महिला ने लगाया जमीन हड़पने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जमीनी विवाद के चलते झगड़े बाद एक विधवा महिला बेघर हो गई। महिला के पास न रहने की छत है और ना ही खाने के दाने। इस मामले में पुलिस भी पीड़िता की सुनवाई नहीं कर रही है। मामला प्रागपुरा थाना इलाके का है। हालांकि विवाद एक परिवार के बीच का ही है। इस मामले को लेकर पीडिता ने मीडिया से रुबरु होते हुए कहा कि अगर हमें न्याय नहीं मिला और संपत्ति में अधिकार नहीं दिया गया तो अपनी बहन संतोष देवी सैनी, बच्चों और अन्य रिश्तेदारों व रामनिवास वर्मा के साथ मुख्यमंत्री आवास के सामने आमरण अनशन करूंगी।

### सड़क दुर्घटनाओ को शत प्रतिशत रोकने के लिए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जिला कलेक्टर व अधिकारियों ली बैठक

# उधर जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिंकजा कसने को कहा

### जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, अवैध कट को बंद करने व ब्लेक स्पॉट का चिन्हीकरण कर दुरुस्त करने सहित दिए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश


बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राज्य स्तरीय बैठक से प्राप्त निर्देश के अनुरूप जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर पुलिस विभाग, परिवहन विभाग सख्ती बरतते हुए कार्रवाई करें। समस्त विभागीय अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करे।जिला कलेक्टर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद सदस्यों को निर्देशित कर रहे थे ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर ऐसे ब्लैक स्पॉट या राष्ट्रीय राजमार्गों पर गड्ढे, पैचवर्क इत्यादि कार्य कर राजमार्गों को दुरुस्त रखें, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूम रहे आवारा पशुओ को पकड़ कर नजदीकी गौशाला में भेजें, सर्विस लाइन दुरुस्त रखे। उन्होंने जिले से गुजरने वाले समस्त राजमार्गों पर मौजूद अवैध कट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। अवैध कट करने में लिप्त लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों को सुरक्षित हाईवे बनाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट व हेल्थ ड्राइव लगातार चलाते रहें जिससे कि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, रोकने एवं दुर्घटनाओं से बचाव के लिए परिवहन व पुलिस विभाग बगैर नंबर प्लेट वाहन, ब्लैक शीशे,बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप, बिना इंडिकेटर व बिना लाइट के वाहनों के विरुद्ध चालान की प्रभावी कार्रवाई करें । जिला कलेक्टर ने टोल बूथों को दुरुस्त रखने व आपातकालीन स्थिति के लिए समस्त टोल बूथ पर एक लाइन रिजर्व रखने, सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए आईईसी गतिविधियों का आयोजन करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्ग के किनारे से अवैध अतिक्रमणों को हटाना सुनिश्चित करें साथ ही अधिकारी ओवरलोड वाहनों पर चालान की कार्रवाई करें । उन्होंने गत बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अवैध स्थानो पर पार्किंग को सख्ती से रोकने के साथ ही ओवरलोडिंग वाहनों पर भी कार्रवाई करें । उन्होंने सड़कों पर अवैध कट को बंद करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि दुर्घटनाओं में कमी लाने व रोकने के लिए बगैर नंबर प्लेट वाहन, ब्लैक शीशे,बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप, बिना इंडिकेटर व बिना लाइट के वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है एवं आगामी समय में अभियान चलाकर टोल प्लाजा पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सघन जांच की जाएगी। एडीएम मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि आमजन एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान जारी रखे साथ ही जिले के समस्त विद्यालयों, अस्पतालों एवं टोल प्लाजा पर रोड साइन के चार्ट लगाया जाए जिससे कि सड़क सुरक्षा के साइन व नियमों के प्रति जागरूक हो । बैठक के सदस्य सचिव पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर ने सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक एजेंडा एवं उच्चतम न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा के क्रम में जारी दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी रखी। बैठक में एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा, ब्यावर उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, एमई जगदीश मेहरावत सहित सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्यगण मौजूद रहे ।

## संत अवधोशानंद महाराज ने दिया समाजिक एकता पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** दशनान गोस्वामी समाज द्वारा एक निजी स्थान पर आयोजित संत समागम समारोह में संत अवधेशानंद महाराज ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के एक होने पर देश एक होगा और उसका वैश्विक स्तर पर हर भारतीय को लाभ मिलेगा। दशनाम गोस्वामी समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया। 1008 श्री अवधेशानंद महाराज ने गोस्वामी समाज सहित समारोह में मौजूद हर व्यक्ति को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें सर्व समाज के उत्थान के लिये आगे आना होगा। समाज से ही हमारी पहिचान है। इससे पूर्व गोस्वामी समाज उदयपुर के भक्तों एवं पदाधिकारियों गजेंद्र पुरी गोस्वामी अध्यक्ष ,संजय गिरि गोस्वामी आयोजन समिति अध्यक्ष,तरुण पुरी गोस्वामी आयोजन सचिव,हरीश पुरी राजेश भारती ब्रह्म पोल राजेश भारती सूरज पोल महेंद्र पुरी त्रिलोक पुरी एवं बाबू लाल भारती प्रदेश अध्यक्ष दशनाम गोस्वामी समाज राजस्थान, डॉ प्रदीप कुमावत निदेशक आलोक संस्थान,रघुनाथ पुरी द्वारा महाराज अवधेशानंद महाराज को माल्यार्पण कर आदि शंकराचार्य,राधा कृष्ण की प्रतिमा, शॉल, भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया। इसके पश्चात डॉ प्रदीप कुमावत निदेशक आलोक संस्थान ने सत्यनारायण की मेवाड़ी में लिखी कथा की किताबें महाराज को भेंट की। समारोह में समाज सेवी प्रभु पुरी मदारा,एवरेस्ट हिल्स रिसोर्ट के प्रंबध निदेशक कुंभलगढ़ दिन दयाल गिरि, समाज सेवी देव गिरि समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। यह जानकारी उदयपुर नगर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र पुरी गोस्वामी ने दी।

## डी पी एस, उदयपुर के युवा वैज्ञानिकों के मॉडल का बॉम्बे की राष्ट्रीय प्रदर्शनी हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के दो प्रतिभावान युवा छात्रों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी हेतु किया गया है। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के छात्र आरव सिंह व कक्षा दसवीं के पार्थ छाबड़ा ने दिनांक 25 दिसंबर को रीजनल साईस सेंटर, जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि संपूर्ण राज्य से कुल 28 मॉडल अलग- अलग शहरों से आए हुए वैज्ञानिकों ने प्रदर्शित किए। वैज्ञानिक खोज व रचनात्मकता की अद्भुत क्षमता को प्रदर्शित करने वाले इन मॉडलों में से कुल 7 मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी हेतु किया गया है। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि आरव सिंह व पार्थ छाबड़ा ने लगभग गत दो वर्षों से इस मॉडल पर कार्य करते हुए इसका निर्माण किया है। अपने मॉडल, 'इ एल एस ए-एक्स 6 (रॉकेट स्टेबेलाइजेशन मॉडल) का प्रदर्शन कर सभी निर्णायकों, अतिथियों व दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। दोनों छात्रों ने निर्णायकों द्वारा मॉडल के विषय के ज्ञान को जाँचने हेतु पूछे गए विविध प्रश्नों के तार्किक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा से उन्हें संतुष्ट किया। दोनो छात्र अपने मॉडल का विवरण इसरो के साथ साझा करेगें। दोनों छात्रों ने यह मॉडल अपने अभिभावको एवं विज्ञान शिक्षिका मनीषा परिहार के मार्गदर्शन में राजेश धाबाई ने विजेता छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वॉलीबॉल का फाइनल खिताब बीसीए ने किया अपने नाम

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर।** केकेसी पीजी महाविद्यालय सरदारशहर में चल रहे खेल सप्ताह के छठे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएससी और बीसीए के बीच हुआ जिसमें बीसीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला अपने नाम कियाद्य मैच रेफरी के रूप में महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक गोपाल भाकर ने भूमिका निभाईद्य शतरंज का फाइनल मुकाबला मानवेंद्र व गौतम के बीच हुआ जिसमें मानवेंद्र विजेता रहेद्य कैरम का फाइनल मुकाबला वसीम और मानवेंद्र के बीच हुआ जिसमें वसीम विजेता रहे शूटिंग प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर के राजेंद्र प्रथम और लखन द्वितीय स्थान पर रहे व छात्रा वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की तमन्ना प्रथम स्थान व बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सोनू द्वितीय स्थान पर रही द्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग में बीसीए तृतीय सेमेस्टर के दीपेंद्र ने प्रथम स्थान व महिपाल बीसीए थर्ड ईयर के द्वितीय स्थान पर रहे ।

### जिला कलक्टर ने मंडल स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड अनुशंषा शिविर का किया निरीक्षण

# व्यक्ति की सोच में निहित है समस्याओं का समाधान : सुराणा

बढ़ता राजस्थान





**चूरू ( सुरेश लाटा )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में चल रहे मण्डल स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड अनुशंषा शिविर का निरीक्षण शुक्रवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। जिला कलक्टर सुराणा ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये सन्तोष व्यक्त किया और कहा कि स्काउट-गाइड विश्व के सबसे बड़े एनजीओ के रूप में हमारे बालक-बालिकाओं को सुनागरिकता की शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने जन साधारण से झण्डा दिवस पर सहयोग का आह्वान करते हुए जिले के प्रत्येक विद्यालय-महाविद्यालय में स्काउट-गाइड गतिविधि को अनिवार्य रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। स्काउट-गाइड को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि सफलता के लिये सर्वप्रथम लक्ष्य निर्धारित करें और योजना बनाकर कड़ी मेहनत द्वारा सफलता अर्जित करें। उन्होंने स्काउट-गाइड का आह्वान किया कि आप संस्कारवान बनें एवं समाज को बेहतर बनाने में मदद करें। समस्याएं व्यक्ति की सोच से जन्म लेती है और समाधान भी सोच में ही छुपा रहता है। व्यक्तिगत विकास, स्मार्टनेस एवं गुड ऑर्डर का ध्यान रखे। शिविर में अपना व्यवहार बेहतर रखें, कार्यशील बने रहें और सप्ताह में कम से कम एक पुस्तक का आवश्यक रूप से अध्ययन करें। शिविर में मेसेंजर ऑफ पीस के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रमदान कर सार्वजनिक स्थान पर सफाई की गई। स्काउट सीओ महिपाल सिंह ने बताया कि शिविर में स्काउट-गाइड के विभिन्न कौशल जैसे पायोनियरिंग, फर्स्ट एड, मैपिंग, एस्टीमेशन, सिग्नेलिंग, स्काउट आन्दोलन का इतिहास, परिभाषा, उद्देश्य, सिद्धान्त आदि विषयों की जांच के साथ ही साथ स्काउट द्वारा अपने क्षेत्र में किये गये समाज सेवा व सामुदायिक विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा। सफल संभागियों को राज्यपाल 22 फरवरी 2025 में अपने हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र एवं अवॉर्ड प्रदान करेंगे। शिविर में जिले के 127 स्काउट-गाइड भाग ले रहे हैं। शिविर में संचालक महिपाल सिंह तँवर एवं सन्तोष के नेतृत्व में नरेश कुमार राय, सत्यनारायण स्वामी, ओम प्रकाश मेघवाल, ओम प्रकाश, गोपाल लाल बैरवा, मनीराम स्वामी, सुरेश कुमार घोटड़, विजय कुमार स्वामी, मोहन लाल, नरपत सिंह, किशोर कुमार ढ़ाका और बबीता स्काउट-गाइड्स की जाँच व मूल्याकंन कर रहे हैं।

# एतिहासिक 360 तपस्वियों के हुए पारणे



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** श्री नाकोड़ा पूर्णिमा मण्डल की ओर से न्यू नवरत्न कॉम्पलेक्स स्थित जीरावाला पार्श्वनाथ मन्दिर प्रांगण में समर्पित रत्न विजय म.सा.प्रन्यास प्रवर निरागरत्न विजय म.सा. एवं साध्वी कीर्ति रेखाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय महोत्सव में आज अंतिम दिन शहर के इतिहास में पहली एक साथ 360 तपस्वियों के पारणे हुए।

मण्डल सचिव नितिन नागौरी ने बताया कि सभी तपस्वियों को आज एक साथ पारणे कराये गये। सात दिनों तक चले इस समारोह के विविध कार्यक्रमों स्वर्ण स्तम्भ के लाभार्थी अनीता,अंकित, प्रियंकादेवांकित,लावन्या डरदा परिवार, रजत स्तम्भ के लाभार्थी डबोक के शंकरलाल, पारस देवी, रमेश, आज़ाद, चंद्रप्रकाश, मधु, अशोक, कला, मनीष, मोना, मनोज पायल, मोहित प्रियंका, शौर्य, ख्वाईश, मिष्टि, ध्याना कोठारी परिवार,गौरव पोरवाल निकिता पोरवाल, चेरिल, दीयारा पोरवाल, स्तम्भ के लाभार्थी आकोला के गौतम, पिस्ता,भव्येश,खुशबू, रम्या एवं हितार्थ गाँधी,जीवन सिंह, निशा,नवीन,अंकिता,गर्वित एवं निर्वी कंठालिया,कांतिलाल सेमलावत, सुशीलादेवी, रवि सेमलावत,मेघा सेमलावत, आरुही, मनय सेमलावत,गौरव, वनिता, चेट्रिक, युवान, कोठारी,चन्दन बाला,गौतम लाल, अल्पना,राजेश, चारिका, पंकज,अंश, निर्मित बया,नितेश, गरिमा, दिविशा, भव्य बाफना,दिनेश,ऊषा, गर्वित, सौम्य नंदावत, सह स्तम्भ के लाभार्थी शिव नारायण, आलोक अच्छेरा चित्तौड़गढ़,राजीव, संजीव कोठारी, रुपवती,जीवन,अनीता,अनिल, हीना, रवि, रीना,रवीश, शुभम जारोली रहा।

## जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन ने जेसीबी चलाकर अतिक्रमण को करवाया मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर की प्रेरणा स्वरुप जिला प्रशासन द्वारा रास्ता खोलो अभियान नवाचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रशासन ने 2500 से ज्यादा रास्तों के प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य तय किया है।

इसी के तहत उपखंड प्रशासन द्वारा शुक्रवार को तहसील जैतारण के ग्राम घोड़ावाड के विद्यालय खेल मैदान के पास से वर्षो से चलायमान आम रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया । इसके अतिरिक्त ग्राम निमेंटी के खसरा नंबर 3159 गैर मुमकिन भूमि पर से भी उपखंड अधिकारी को प्राप्त शिकायत पर राजस्व टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने तहसील जैतारण के ग्राम घोड़ावाड एवं ग्राम निमेंटी में ग्रामीणों की शिकायत पर जेसीबी चलाकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया।

रास्ता खोलो अभियान के तहत रास्ते से अतिक्रमण हटाने ग्रामवासियों को खेतों तक जाने में पुनः सुविधा बहाल हुई।

## विदेशी पर्यटकों ने 229 स्कूली बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म दी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** वेज वॉयजेस फाउंडेशन और वेगन ट्रैवल एशिया ने आज घाणेराव के गरासिया स्कूल में 229 बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की। के सह-संस्थापक आर.के. सिंह और सह-संस्थापक धैर्यशील सिंह ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कंवरानी कशिका कुमारी घाणेराव थी। यूएसए, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के एक विदेशी पर्यटकों ने बच्चों को यूनिफॉर्म दी। जबकक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक के बच्चों को विदेशी पर्यटकों ने बच्चों को स्कूली यूनिफार्म प्रदान की तो उनके चेहरें पर खुशी देखी जा सकती थी।


## राजस्थान सरकार
## निदेशालय, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान, जयपुर बीमा भवन, जयसिंह हाईवे बनीपार्क जयपुर 302016

क्रमांक-एफ 29/साप्र/प्रेस/2024-25/2570 — दि0 23/12/2024

**निविदा सूचना**

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर के कार्यालय उपयोग हेतु बीमा / प्रावधायी निधि बैग्स की आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 23.12.24 से दिनांक 03.01.2025 तक निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण विभागीय वेब साइट www.sipf.rajasthan.gov.in अथवा राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.gov.in) से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की कुल लागत लगभग 9.50 लाख रू. है।

UBN No. IPF 2425GS0B00007
NIB-IPF2425A 0008

DIPR/C/13635/2024

**संयुक्त निदेशक ( मुख्यालय )**
**कार्यालयाध्यक्ष राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, राज. जयपुर**



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-टोंक (राज.)।

क्रमांक- टोंक /सा.शा./वा.नी./2024/1973/ — दिनांकः-20/12/2024

### नीलामी सूचना

जिला टोंक में एनडीपीएस एक्ट में जप्त वाहनों की नीलामी जीएसटी में पंजीकृत नीलामीदाताओं के माध्यम से निम्नानुसार की जानी है।

| क्र.स. | वाहन विवरण | तादाद | अनुमानित मूल्य | नीलामी स्थान | नीलामी दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मोटरसाईकिल | 1 | 5000/- | कोतवाली टोंक | 01.01.2025 11.00 एएम |
| 2. | मोटरसाईकिल | 5 | 41500/- | पुलिस थाना निवाई | 02.01.2025 11.00 एएम |
| 3. | मोटरसाईकिल | 3 | 13000/- | पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह | 03.01.2025 11.00 एएम |
| | कार | 1 | 80000/- | | |

नीलामी से शुरू करने से पूर्व निर्धारित मूल्य का 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करनी होगी। नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न होने के साथ नीलामी की सम्पूर्ण राशि एवं नीलामी राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. का चालान प्रस्तुत करना होगा। नीलामी प्रत्येक वाहन की पृथक-पृथक लगाई जावेगी। विस्तृत शर्ते कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला टोंक में देखी जा सकती है।

**(विकास सांगवान )**
**पुलिस अधीक्षक,**
**जिला-टोंक।**

## सम्पादकीय

# नौकरियों को लेकर अच्छे संकेत नहीं

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने असंगठित क्षेत्र के उपक्रमों का वार्षिक सर्वेक्षण जारी किया। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच ऐसे छोटे असंगठित उपक्रमों की तादाद में इससे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसे रोजगार से मिलने वाली नौकरियां भी बढ़ी हैं लेकिन इसकी दर काफी कम रही है। इसे एक अच्छे संकेत के रूप में पेश किया जा सकता है क्योंकि नौकरियों में कोई भी इजाफा स्वागतयोग्य है। परंतु समेकित स्तर पर देखें तो इसे पूरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेतक मानना मुश्किल है। खासतौर पर प्रतिष्ठानों और नौकरियों में जो इजाफा हुआ उसका अधिकांश हिस्सा 'ओन अकाउंट एंटरप्राइजेज'(ओएई) में हुआ जहां अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति काम करता है या जो पारिवारिक दुकान होती है जहां बाहरी किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है। इस आंकड़े से कई सवाल पैदा होते हैं। पहला, इस बात में संदेह है कि यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर्शाता है या नहीं। छोटे कारोबारों में से कई असंगठित बने हुए हैं। ये न केवल कर और नियामकीय प्राधिकारियों की नजर से ओझल हैं बल्कि वे बड़े पैमाने पर होने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में भी सामने नहीं आ पाते।

विगत एक दशक में अर्थव्यवस्था निरंतर संगठित हुई है। इसमें वित्तीयकरण के साथ-साथ वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य ढांचागत बदलावों की अहम भूमिका रही है। ऐसे में यह संभव है कि जो वृद्धि नजर आ रही है वह केवल सांख्यिकीय गणना भर हो और इसी संगठित होने को दर्शा रही हो। ऐसी सांख्यिकीय संरचनाएं पहले भी देखी गई हैं। उदाहरण के लिए कर्मचारियों के लिए बनी सरकार की अल्प बचत योजनाओं में निवेश करने वालों की संख्या में हाल के दिनों में इजाफा हुआ है। यह रोजगार में वास्तविक इजाफा दर्शाता है या केवल मौजूदा रोजगार संगठित हुए हैं, यह बहस का विषय है। एक अन्य तथा अधिक गहन प्रश्न यह है कि यदि इस तरह के रोजगार बढ़े भी हैं तो इसे स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत माना जाए या अस्वस्थ। जैसा कि इसी समाचार पत्र में विशेषज्ञों ने कहा, रोजगार पर केंद्रित सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि हाल के समय में शहरी रोजगार कम हुए हैं। काफी लंबे समय के बाद ऐसा देखने को मिला है। जबकि इस बीच कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़े हैं। इससे संकेत मिलता है कि एक विकासशील अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण और वृद्धि के इंजन को जिस तरह काम करना चाहिए, शायद भारत में वैसा नहीं हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो लोगों को कृषि से बाहर कहीं अधिक उत्पादक क्षेत्रों में काम करना चाहिए। अगर ऐसा है तो इन ओएई की संख्या को अर्थव्यवस्था में सुधार या वृद्धि का परिचायक नहीं माना जाना चाहिए बल्कि यह तो ऐसी खराब स्थिति का परिचायक है जहां लोग अपनी दुकानें खोलने को विवश हैं। यह काफी लंबे समय से देश के जीडीपी में असंगठित क्षेत्र की सेवाओं के दबदबे की परिभाषा रही है कि ऐसे छोटे, सेवा आधारित प्रतिष्ठान उन लोगों को नौकरियां देते हैं।

# अमेरिका और नाटो की हरकतों से विश्व युद्ध की आशंका के बादल

**अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आऋ मण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है।**

संजीव ठाकुर

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन जाते-जाते भी यूक्रेन को सामरिक तथा आर्थिक मदद का पैकेज देकर रूस के खिलाफ विश्व युद्ध की चिंगारी को भड़काकर जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भी रूस यूक्रेन और इसराइल हमास युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक समय हो चुका है वहीं इसराइल हमास और फिलिस्तीन युद्ध को भी एक वर्ष से अधिक हो चुका है। अमेरिका यूरोपीय देश यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करके विश्व युद्ध की आशंका को बने हुए हैं। इसके अलावा भी यह देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ लगातार भड़काते आ रहे हैं और यही वजह है की विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर लेद्य चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया हैद्य 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इसराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला



कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैंद्य हमास इसराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिरकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इसराइल के सर फोड़ दिया गया है इसराइल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इसराइल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं जिसमें प्रमुख तौर पर अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया,कनाडा एवं अन्य देश जिसमें भारत भी शामिल है का इसराइल को समर्थन है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि हमास द्वारा 200 नागरिकों को बंधक बना लिया है जिनको वह मुक्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है इजराइल का लगातार आक्रमण कर यह दबाव है कि पहले वह बंधकों को इसराइल के हवाले करें फिर इसराइल अपना आक्रमण रोकेगा।अब इजरायल की थल सेना भी आक्रमण करने पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है ऐसी स्थिति में पूरी गाजा पट्टी संपूर्ण तबाह हो जाएगी और लगभग 20 लाख फिलिस्तीन निवासी नागरिक शरणार्थी बन चुके और बेघर भी हो चुके हैं। ईरान ने हमास को इसराइल पर आक्रमण के आदेश देने के समय तक यह नहीं सोचा था की स्थिति यहां तक बिगड़ जाएगी। चीन रूस जरूर ईरान के साथ हैं पर यह जरूरी नहीं है कि इसराइल और हमास की युद्ध से पैदा होने वाले विश्व युद्ध में वे ईरान और खाड़ी देशों का कितना साथ दे पाएंगे। भारत को भी हमास इजरायल युद्ध से चौकन्ना रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान भी हमास जैसे आतंकवादियों को बना देने का कई वर्षों से मुजरिम है और वह कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है तथा भारत को अपनी सीमा पर चौकसी बढ़ा देना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन देश का वह कई वर्षों से समर्थन करता आया है और 38 टन मदद की रसद तथा दवाइयां उसने गाजा पट्टी पर भिजवाई भी है। भारत का दृष्टिकोण मानवतावादी है। उसने हमास का विरोध इसराइल पर आक्रमण करने के लिए किया है इसीलिए उसने इसराइल का समर्थन किया पर अब इजरायल के गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है। अरब खाड़ी के कई देश भारत से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन,लेबनान, मिश्र, ईरान ,इराक और इजरायल, अमेरिका ,ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाये। सबकी नजर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है क्योंकि नरेंद्र मोदी के संबद्ध सभी देश के राष्ट्र प्रमुखों से मधुर है एवं भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है। ऐसे में भारत एक प्रमुख शांति दूत के रूप में वैश्विक भूमिका निभा सकता है जो विश्व युद्ध रोकने में काफी कारगर होगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
शुभ समाचार मिलेंगे। आनंददायी प्रवास होगा। उत्तम वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। असंयमित विचार आपको परेशानी में डाल सकते हैं। दुर्घटना से सावधान रहें।

**वृष**
कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में आपको दिक्कत होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिवार या जमीन, संपत्ति से संबंधित मामलों के लिए उचित समय नहीं है। पर्याप्त नींद नहीं मिल से आप अस्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**मिथुन**
दोस्त भी आपके सहायक होंगे। आंख या दांतों में दर्द हो सकता है। अच्छा भोजन मिलने के योग हैं। आप अपनी मधुर वाणी से किसी का भी मन जीत पाएंगे। काम में सफलता मिलने की संभावना है। आपका दिन लाभदायी है।

**कर्क**
आप का दिन आर्थिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से लाभदायी है। धन लाभ के लिए आप लंबी अवधि का निवेश करने की योजना बनाएंगे। यदि आप व्यापार के साथ जुड़े हुए हों, तो उसके विस्तार की योजना बना पाएंगे। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
किसी भी काम को करते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। आज आपका दिन शुभ रहेगा। नए काम शुरू ना करने की आपको सलाह दी जाती है। दोस्तों एवं परिजनों से मुलाकात होगी। दोस्तों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी।

**कन्या**
पर्यटन के लिए मित्र तथा परिजनों के साथ योजना बन सकती है। मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। आज किए गए काम में सफलता प्राप्त होने के योग हैं। नौकरी या व्यापार में विरोधियों पर विजय प्राप्त कर पाएंगे। आर्थिक लाभ होगा। आज परिजानों का साथ मिलेगा।

**तुला**
वैचारिक समृद्धता बढ़ेगी। आप अपने व्यवहार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों से मेल-जोल बना रहेगा। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मन खुश रहेगा। सुख और आनंद की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक**
पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए भी समय अच्छा है। बाहर का भोजन न करें। इससे पेट संबंधी कोई रोग हो सकते हैं। अत्यधिक इमोशन आपके मन को विचलित रखेंगे। आपको पानी वाली जगहों पर जाने से आज बचना चाहिए।

**धनु**
व्यापार में ज्यादा गुस्से से आज उग्र विवाद हो सकता है। पार्टनरशिप के कामकाज में सावधानी बरतें। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें। सगे-सम्बंधियों से अनबन के योग हैं। आध्यात्मिकता से मन को शांति मिल सकती है।

**मकर**
शरीर और मन से आप तरोताज़ा महसूस करेंगे। आपका दिन मित्रों और स्वजनों के साथ आनंद-प्रमोद में बीतेगा। छोटी यात्रा या प्रवास भी हो सकता है। आज आप कोई धार्मिक या पुण्य का काम करेंगे। आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**कुंभ**
आज का आपका दिन मध्यम फलदायी कहा जा सकता है, परंतु आर्थिक रूप से लाभदायी रहेगा। खर्च अधिक होगा, लेकिन इनकम भी बनी रहेगी। दूर रहने वाले रिश्तेदारों से कोई अच्छा संदेश मिल सकता है।

**मीन**
आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी आप दृढ़तापूर्वक अपना काम आगे बढ़ा सकेंगे। आप अपने व्यवहार और वाणी से लोगों को प्रभावित कर सकेंगे। आपकी सौम्यवाणी के कारण आप नए सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस के शानदार वरिष्ठ अधिकारी श्री एस. सेंगाथिर सर। 10 मई सन 1971 को धर्मपुरी में जन्में एमवीएससी (पशु पोषण) बीवीएससी और एएच की शिक्षा के बाद पुलिस सेवा में आए और बहुत बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। आज अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस.कम.निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुलिस मुख्यालय जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, इन्टेलिजेन्स राजस्थान, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सुरक्षा जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज अजमेर। महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेन्ज जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, इन्टेलिजेन्स. जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी सीबी जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस,प्रशिक्षण जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, सीबीआई चेन्नई रेन्ज, चेन्नई। पुलिस अधीक्षक, केंद्रीय जांच ब्यूरो, एससीबी चेन्नई। कमांडेंट, 5वीं बटालियन आरएसी जयपुर। उप निदेशक एवं प्राचार्य, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, भरतपुर। पुलिस अधीक्षक, अजमेर।

पुलिस अधीक्षक, टोंक। पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू। पुलिस अधीक्षक, हनुमानगढ़।

पुलिस अधीक्षक, राजसमंद। पुलिस अधीक्षक,बाड़मेर। कमांडेंटए 10वीं बटालियन, आरएसी बीकानेर। सहायक पुलिस अधीक्षक, जोधपुर पूर्व। सहायक अधीक्षक पुलिस कार्यालय, मानसरोवर जयपुर रहे। जयपुर रेंज आईजी के कार्यकाल के दौरान इनकी



श्री एस. सेंगाथिर (आईपीएस) एडिश्नल डीजी

शानदार कार्यशैली को देखने व समझने का मौका लगा। कोविड़-19 के दौरान पुलिस के साथ सम्पर्क सभा में हमेशा पुलिसकर्मियों के हौसले को बढ़ाया। बहुत ही सरल व सहज व्यक्तितत्व के धनी हैं सेंगाथिर सर दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 28 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गैलीलियो ने 1612 में नेप्च्यून ग्रह को देखा और इसे स्थिर तारे की संज्ञा दी।
- किंग ताकसिन 1767 में थाईलैंड के राजा बने तथा उन्होंने थोनबुरी को अपनी राजधानी बनाया।
- स्पेन ने 1836 में मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- आईओवा 1846 में 29वां अमेरिकी प्रांत बना।
- भारतीय नेशनल कांग्रेस पार्टी की 1885 में स्थापना हुई।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन 1885 में बंबई में हुआ, जिसमें 72 प्रतिनिधि शामिल हुए।
- सिनेमा के इतिहास में 1895 में पहली बार किसी कहानी को फ़िल्म का रूप दिया गया। यह फ़िल्म फ्रांस के अविष्कारक लूमीर बंधुओं ने बनाई जिन्हें फ़िल्म जगत का जनक कहा जाता है।
- दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर ने 1906 में अपना दूसरा उदारवादी संविधान अंगीकार किया।
- इटली के मेसिना में 1908 में आये भूकंप से करीब 80 लोग मारे गये।
- इंपिरियल एयरवेज ने 1926 में भारत और इंग्लैंड के बीच यात्री और डाक सेवा शुरू की।
- कोलकाता में 1928 में पहली बार बोलती फिल्म मेलोडी ऑफ लव प्रदर्शित हुई।
- रॉबर्ट सुलिवन 1942 में पहले पायलट बने, जिन्होंने अटलांटिक महासागर के ऊपर एक सौ बार उड़ानें भरी।
- द पीक डिस्ट्रिक्ट 1950 में ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना।
- इंग्लैंड के उत्तर में स्थित सबसे बड़े बूचड़खाने को 1957 में पशुओं की फुट एंड माउथ बीमारी की वजह से बंद करने का फैसला लिया गया था।
- सोवियत संघ ने 1957 में परमाणु परीक्षण किया।
- चीन ने 1966 में लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के मियामी में 1968 में हुए पोप उत्सव में एक लाख लोग शामिल हुए।
- जर्मनी के तानाशाह के उप प्रमुख मार्टिन बोरमान्नस की 1972 में अस्थियां मिलीं।
- पाकिस्तान में 1974 में आये 6.3 तीव्रता के भूकंप में 5200 मरे।
- अमेरिका ने 1976 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मद्रास टेस्ट में अपना 30 वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमेन का रिकॉर्ड तोड़ा था।
- राजीव गांधी के नेतृत्व में 1984 में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत मिली।
- पोलैंड के अन्वेषक मारके कार्मिस्की 1995 में एक ही वर्ष में उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों पर झंडा फहराने वाले पहले व्यक्ति बने, विश्व सिनेमा का दूसरी सदी में प्रवेश।
- भारतीय डाक विभाग द्वारा 2000 में वीरता पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में पांच डाक टिकटों के सेट में 3 रुपये का एक सचित्र डाक टिकट जारी किया गया।
- इस्रायल ने 2003 में कज़ाकिस्तान के बैंकानूर अंतरिक्ष स्टेशन से दूसरा वाणिज्य उपग्रह छोड़ा।
- अमेरिका में 2003 में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानी सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला लिया।
- रूस ने 2007 में ईरान के बुशेहर विद्युत संयंत्र के लिए परमाणु ईंधन की दूसरी खेप खेप भेजी।

## विशेष आलेख

# 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी...न जाने कितने सवालों की आबरू रखी'

सुनील कुमार महला



26 दिसंबर 2024 को आर्थिक सुधारों के पुरोधा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री( 14 वें) डॉ.मनमोहन सिंह का हमारे बीच से 92 वर्ष की उम्र में अवसान हो गया। सभी जानते हैं कि डॉ सिंह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री थे जिन्होंने अपने नीतियों और नेतृत्व से भारत को आर्थिक और वैश्विक ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सच तो यह है कि उनके आर्थिक सुधारों को पूरी दुनिया ने लोहा माना है।सच तो यह है वे देश में उदारीकरण लेकर आए।कहना ग़लत नहीं होगा कि वे सादगी, विनम्रता और विद्वता की मूरत थे। अविभाजित भारत के पंजाब में 26 सितंबर 1932 को जन्मे डॉ सिंह ने कैम्ब्रिज और आक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटीज़ से अपनी पढ़ाई पूरी की थी। श्री गुरमुख सिंह और श्रीमती अमृत कौर के घर जन्मे सिंह ने 1948 में पंजाब में अपनी मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। कैंब्रिज से उन्होंने 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1962 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नाफील्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में 'डी.फिल' की उपाधि प्राप्त की।उन्होंने योजना आयोग उपाध्यक्ष (अब नीति आयोग), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गर्वनर, और आर्थिक सलाहकार जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया और भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी थी। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के तहत 2006-2007 में भारत ने 10.08त्न की वृद्धि दर दर्ज की थी। यह 1991 में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद से भारत में दर्ज की गई सबसे अधिक जीडीपी थी। उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर 2006-2007 में 10.08त्न थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि मनमोहन सिंह ने जुलाई, 1991 के बजट में अपने प्रसिद्ध भाषण में कहा था, 'पृथ्वी पर कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया है। मैं इस प्रतिष्ठित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय होना चाहिए, यह एक ऐसा ही एक विचार है। वे वित्त मंत्रालय में सचिव, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1991 से 1996 तक वे भारत के वित्त मंत्री रहे और इस दौरान उन्होंने अनेक आर्थिक सुधार किए। पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1987 और 1990 के बीच जिनेवा में दक्षिण आयोग के महासचिव के रूप में उनकी नियुक्ति हुई तथा 1971 में, डॉ. सिंह वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार में आर्थिक सलाहकार तथा वर्ष 1972 में वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। यदि हम यहां उनके राजनीतिक करियर की बात करें तो डॉ.मनमोहन सिंह 1991 से भारत के संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) के सदस्य रहे, जहां वे 1998 से 2004 के बीच विपक्ष के नेता थे। उल्लेखनीय है कि वे पहली बार 1991 में राज्य सभा के लिए चुने गए थे और उन्होंने उच्च सदन में पांच बार असम और 2019 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।पाठक जानते हैं कि वे वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने 22 मई 2004 को प्रथम बार और 22 मई 2009 को दूसरी बार पीएम पद की शपथ ली थी। उल्लेखनीय है कि वह जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे।वे भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री भी थे। अपने दस साल के प्रधानमंत्री काल में उन्होंने देश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई), सूचना का अधिकार (आरटीआई, वर्ष 2005), विश्व की सबसे बड़ी रोज़गार गारंटी योजना मनरेगा योजना( वर्ष 2005) समेत तमाम कई बड़े फैसले लिए, जो अपने आप में एक मिसाल है। उल्लेखनीय है कि आधार योजना भी उनके ही कार्यकाल में शुरू की गई थी। कहना ग़लत नहीं होगा कि आधार योजना से भारतीयों को नव पहचान मिली और इससे आमजन की विभिन्न सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान और सरल हो गई। साथ ही कई पहचान पत्रों की जगह इस एक पहचान पत्र आधार कार्ड ने लोगों का जीवन आसान किया। इतना ही नहीं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) यानी कि लोगों के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर करने की प्रणाली भी उनके ही कार्यकाल की देन है जिससे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लगी और लोगों तक सरकारी सहायता सीधे पहुंचने लगी। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका परमाणु समझौता भी डॉ. सिंह के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 2008 की आर्थिक मंदी के झटकों से भी उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकते हुए उसे उबारा था। पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने भारत के निर्यात रुझान और स्व-संचालित विकास की संभावनाएं शीर्षक से किताब भी लिखी थी, जिसमें उन्होंने भारत की अंतर्मुखी व्यापार नीति की आलोचना की थी। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में फैकल्टी के रूप में तथा यूएनसीटीएडी(अंकटाड) यानी कि (व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) में 1966-1969 तक सचिवालय में भी काम किया। 1969 से 1971 तक, सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रोफेसर भी रहे।

पुरस्कारों और सम्मानों की यदि बात करें तो उन्हें 1987 में भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण, वर्ष 1995 में उन्हें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार, वर्ष 1993 और 1994 वर्ष के वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार, वर्ष 1993 वर्ष के वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का एडम स्मिथ पुरस्कार और कैम्ब्रिज में सेंट जॉन्स कॉलेज में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार (1955) प्रदान किये गए थे। इतना ही नहीं उन्हें कैम्ब्रिज और ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालयों सहित कई विश्वविद्यालयों से मानद उपाधियां प्राप्त हुईं थीं। उन्होंने अनेक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और संगठनों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

गौरतलब है कि साइप्रस में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (वर्ष 1993) और वर्ष 1993 में वियना में मानवाधिकारों पर विश्व सम्मेलन में उन्होंने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि मनमोहन सिंह की छवि बेशक बहुत ही कम बोलने वाले और अधिकतर शांत रहने वाले व्यक्तियों में की जाती रही है, लेकिन जब भी वे बोलते थे, वो सुर्खियां बन जाती थीं। मसलन,27 अगस्त 2012 को संसद में उन्होंने यह कहा था कि हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी है...न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। इतना ही नहीं, 23 मार्च 2011 को नेता विपक्ष श्रीमती सुषमा स्वराज के एक तंज पर जवाब में मनमोहन सिंह ने कहा था- माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख मेरा इंतजार तो देख। बहरहाल, अंत में यही कहूंगा कि भले ही आज डॉ सिंह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे देश-दुनिया के प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। आर्थिक नीतियों के संबंध में उन्होंने देश ही नहीं अपितु विदेशों पर एक गहरी और अमिट छाप छोड़ी है। उनको शत-शत नमन, विनम्र श्रद्धांजलि।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

संयुक्त निदेशक कृषि विपणन अजमेर के आश्वासन के बाद किसानों ने किया धरना समाप्त

# कृषि मंडी सचिव के बारे में विस्तार से जांच कर की जाएगी कार्रवाई : संयुक्त निदेशक कृषि विपणन अजमेर

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** गुरुवार को कृषि उपज मंडी निवाई में अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने किसान महापंचायत युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी के नेतृत्व में कृषि मंडी सचिव कमल किशोर सोनी से मिलने गए तो कृषि मंडी सचिव ने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए मिलने से मना कर दिया इसको लेकर उपजे विवाद के बाद किसानों ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया । दूसरे दिन शुक्रवार को संयुक्त निदेशक कृषि विपणन अजमेर करण सिंह निवाई कृषि मंडी में किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली किसानों ने बताया कि मंडी परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही मंडी परिसर में लगे हुए हरे वृक्षों की छंगाई के नाम पर अवैध कटाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ व्यापारियों से सांठगाठ करके व्यापारियों की मूंगफली की फसल को ही एमएसपी केंद्र पर बिकना बताया जा रहा है जबकि किसानों की फसल को एसपी पर नहीं खरीदा जा रहा है उन्होंने बताया कि सचिव द्वारा अनावश्यक सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है फल सब्जी मंडी में रोड के ऊपर ही रोड बना दी गई है किसानों ने मंडी सचिव पर आरोप लगाया कि वह व्यापारियों से मिले हुए हैं किसानों से व्यापारी 50 किलो वजन के स्थान पर 300 ग्राम वजन ज्यादा ले रहे हैं उन्होंने बताया कि किसानों के प्लेटफार्म पर स्थाई रूप से व्यापारियों की जींस रखी हुई है जिससे किसानों जींस बारिश में कहीं बार भीग जाती है आरोप लगाया कि प्लेटफार्म का सचिव व्यापारियों से किराया वसूल रहे हैं उन्होंने बताया कि कृषि मंडी में 72 लाख की लागत से सीसी रोड बनी थी उसी पर पुन: डामरिकरण करवा दिया गया है मंडी परिसर में लगने वाली बोली के दौरान मंडी समिति कार्मिक उपस्थित नहीं रहता है सरसों की लैब निकालने वाले तकनीकी कर्मचारियों के स्थान पर बागवानी कार्मिक को लगा रखा है जो किसानों की लैब सही तरीके से नहीं निकाल पाता है । पल्लेदारों के विश्राम गृह का रख-रखाव ठीक नहीं है कृषक विश्राम गृह में साफ- सफाई एवं सर्दी के कम्बल बिस्तर उपलब्ध नहीं है किसान कलेवा में भी सरकार द्वारा निर्धारित की गई खाने की वस्तुओं का वितरण नहीं किया जाता है उसमें भी ठेकेदार द्वारा कटौती की जा रही है उन्होंने बताया कि ठेकेदार की भी सचिव से मिली भगत है उन्होंने बताया कि कृषि मंडी सचिव किसानों के प्रति गंभीर न होकर व्यापारियों के प्रति गंभीर दिखाई दे रहे हैं कृषि मंडी का स्थापना दिवस 12 सितंबर को आता है लेकिन कृषि मंडी सचिव ने अपनी मनमर्जी दिखाते हुए तीन दिवसीय अवकाश रखकर 19 20 21 जुलाई को मंडी स्थापना दिवस मनाया गया जिससे भी किसानों को जानकारी के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा इस दौरान संयुक्त निदेशक ने किसानों को आश्वासन दिया की मंडी सचिव के बारे में विस्तार से जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी आश्वासन देने के बाद में किसानों ने धरना समाप्त किया ।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, तहसील अध्यक्ष दशरथ सिंह, तहसील महासचिव गोविंद पलेई, कोषाध्यक्ष मोहन लाल खोड़ा का खेड़ा, सीताराम किवाड़ा,शंकर लाल मीणा मुड़िया, सियाराम चौधरी कृष्णाबाई जाट, ब्रजमोहन मीणा संहिता अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देवली में मछली पकड़ने को लेकर मारपीट, दो युवक गंभीर रूप से घायल



बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध से मछली पकड़ने की बात पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हालांकि इस मामले में दो युवक गंभीर चोटिल हुए हैं । पुलिस के अनुसार इस मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाया है कि शहर के देवली गांव नेकचाल रोड पर शुक्रवार सुबह एक कार में सवार लोगों ने देवली पालिका के पार्षद और एक अन्य युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिस ने बताएं कि दोनों घायलों को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। वही घायल युवक कुमोद पोद्दार निवासी बंगाली कॉलोनी को गंभीर चोट आने पर उच्च चिकित्सालय हेतु रेफर कर दिया गया है। इधर पालिका पार्षद प्रताप विश्वास ने बताया कि वह और उसका साथी कुमोद पोद्दार शुक्रवार की सुबह नासिरदा ग्राम से बाइक लेकर देवली के लिए वापस लौट रहे थे । तभी देवली शहर पहुंचने के करीब नेकचाल बालाजी रोड पर एक सफेद थार ने पीछे से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। और वह बाइक से गिर गए। यहां पार्षद ने एक फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी पर आरोप लगाया कि इसी दौरान थार में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग उतरे। जिन्होंने उसे और उसके साथी को कार में बिठा लिया। इस दौरान फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी टीम के कर्मचारी उसे और उसके साथी को शहर के जयपुर रोड प्रताप नारायण कॉलोनी के पीछे एक मकान लाकर बंद कर दिया। प्रताप विश्वास नहीं भी आरोप लगाया कि यहां सिक्योरिटी कंपनी के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और लोहे के पाइप से पीटा गया जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। वही साथी कुमुद को अंदरूनी चोट पहुंची। इधर इस मामले में फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी के उक्त कर्मचारियों ने पार्षद और उसके साथी पर आरोप लगाया है कि। पार्षद प्रताप विश्वास और कुमुद पोद्दार दोनों व्यक्ति बीसलपुर बांध से अनैतिक तौर पर मछली निकालते दिखाई दिए। इस दौरान सिक्योरिटी टीम ने इन्हें मछली पकड़ने से रोका तो वह मछली से भरा कट्टा छोड़कर बाइक पर भाग निकले।

इस दौरान फिशरीज सिक्योरिटी गार्ड बादल मीणा दीपू गुर्जर आलोक व आत्मराम ने इनका पीछा किया। तभी प्रताप विश्वास और कुमुद बाइक से गिर गए जिससे शायद चोटिल हो गए ।यह भी बताया की बीसलपुर बांध से अनैतिक तौर पर मछली पकड़ने जानकारी देवली पुलिस थाना में दी गई। इधर इस मामले में घायल प्रताप विश्वास और उसके साथी ने कंपनी के कर्मचारी बादल मीणा दीपू गुर्जर आलोक व आत्मराम के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया दिया है। ऐसे में पुलिस ने भी उक्त मामले में जांच शुरू कर दी है।

## सर्दी के मौसम में पशुपालक अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें ठंड से बचाएं : डॉ. छोटू लाल बैरवा

पशुपालन विभाग ने सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** सर्दी के मौसम में शीतलहर का प्रकोप रहता है। ऐसे में पशुओं को भी शीतलहर से बचाना आवश्यक होता है, जिसके कारण पशुधन बीमार पड़ सकता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा ने कहा है कि राज्य में ठंड बढ़ने के साथ कुछ जगहों पर शीतलहर की शुरुआत हो चुकी है। सर्दी के कम तापमान से न केवल इंसान बल्कि पशु पक्षी भी प्रभावित होते हैं। खासकर दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन पर ठंड का बहुत असर पड़ता है। अधिक ठंड के कारण दुधारू पशु अक्सर जल्दी बीमार पड़ते हैं और दूध देना कम कर देते हैं। इसके कारण पशुपालकों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने पशुपालकों से अपील की है कि वे सर्दी के मौसम में अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखें। उन्हें ठंड से बचाएं, रात के समय पशुओं को खुले में न बांधे। उन्हें कंबल या जूट के बोरों से ढक कर रखें। दिन के समय संभव हो तो उन्हें धूप में रखें। ठंड के समय में पशुओं के आहार का भी विशेष ख्याल रखना चाहिए। उनके खुराक में सूखा चारा, मोटा अनाज, सरसों की खल आदि की अधिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को सप्ताह में दो बार गुड़ जरूर खिलाना चाहिए। संयुक्त निदेशक ने पशुशाला को साफ और सूखा रखने की सलाह भी पशुपालकों को दी। उन्होंने कहा कि पशुओं के आश्रय स्थल एवं पशु शालाओं में समय-समय पर डिसइनफेक्टेंट का छिड़काव करके उन्हें विसंक्रमित भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पशुओं की देख भाल को लेकर समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं पशुपालक उन निर्देशों का पालन करें। जरूरत पड़ने पर अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या उपकेंद्र में संपर्क करें।

## वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2024 को लेकर मेडिकल टीमों का गठन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिले में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र से आपातकालीन कॉल आने को लेकर सआदत चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में मेडिकल टीमों का गठन किया गया है। पीएमओ डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि 28 से 31 दिसंबर तक प्रात: 8 से दोपहर 1 बजे तक डॉ. सरोज चौधरी (मोबाईल नंबर 8619206868), नर्सिंग ऑफिसर संजय कुमार (मोबाईल नंबर 8739964128) एवं दोपहर 1 से सायं 6 बजे तक डॉ. राकेश गुर्जर (मोबाईल नंबर 8005819792) नर्सिंग ऑफिसर प्रदीप सिंह प्रजापत (मोबाइल नंबर 9982568829) को मय एंबुलेंस के नियुक्त किया है।

## फसलो के लिए आसमान से बरसा अमृत

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** उपखण्ड क्षैत्र मालपुरा में शुक्रवार को इस सीजन की पहली मावठ बारिश हुई। शुक्रवार को क्षैत्र में सुबह से ही मौसम अत्यधिक ठंडा और आसमान में बादल छाए रहने से सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। इसी ठिठुरन के बीच दोपहर के समय रूक रूक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। यह दौर देर शाम तक जारी रहा। मावठ से ठिठुरन तो बढ़ गई लेकिन यह मावठ खेतो में उग रही फसलो के लिए अमृत साबित हुई। इस समय खेतो में सरसो सहित चने व गैंहु की फसल को किसान दिन रात खेतो में रहकर सिंचाई कर रहा है। लेकिन इस मावठ के बाद फसलो में कृत्रिम की आवश्यकता नहीं रहेगा। जिससे क्षैत्र का किसान काफी खुश नजर आ रहा है।

## पौषबड़ा महोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** पुलिस थाना परिसर स्थित श्री थानेश्वर महादेव मन्दिर में शनिवार 28 दिसम्बर को विशाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के आशिष डालमिया ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को दोपहर में मन्दिर परिसर में महिला सत्संग के बाद सायंकाल महाआरती के बाद ठाकुर जी को पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जाकर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर ठाकुर जी की अनुपम व नयनाभिराम फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी।

ग्राम मेहंदवास में रात्रि चौपाल आयोजित

## जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** टोंक उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेहंदवास में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं सामने आई। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर करें। उन्होंने उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया को संबंधित विभागों से समस्याओं की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घनश्याम शर्मा ने खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने, 82 वर्षीय शारदा शर्मा ने आधार कार्ड के कारण हो रही समस्या के बारे में, समस्त ग्रामवासियों द्वारा सीसी रोड़ बनवाने, शमशान भूमि पर कीचड़ एवं बबूल हटवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम अमीनपुरा के समस्त ग्रामीणों ने नाली निर्माण कराने सहित अन्य समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इसी तरह मेहंदवास के सरपंच ने पुरानी क्षतिग्रस्त पानी की लाइन को बदलवाने, भंवर लाल बैरवा ने जल जीवन मिशन के तहत नई पानी की लाईन डलवाने, शंकर नाथ ने पीएम किसान निधि की किश्त नहीं आने, केसर देवी ने पेंशन नहीं आने, कालूराम गुर्जर ने नहर के धोरे माइनर का नवीनीकरण करने की गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करवाएं जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, तहसीलदार मानवेंद्र जयसवाल, विकास अधिकारी सविता राठौड़ समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष से मिल कर की संगठनात्मक चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** प्रदेश के केबिनेट मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मिलकर संगठनात्मक चर्चा की। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषक पाराशर ने बताया कि प्रदेश के केबिनेट मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी शुक्रवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मिले। इस दौरान चौधरी के साथ भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू के अलावा निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, जयपुर प्रभारी नरेश बंसल, धनश्याम विजय सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जलदाय मंत्री चौधरी सहित अन्य भाजपाईयो ने प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का स्वागत सम्मान किया। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से भाजपा संगठनात्मक चर्चा हुई। गौरतलब है कि वर्तमान में भाजपा में प्रदेश से लेकर शहर व ग्रामीण स्तर तक संगठन पदाधिकारियो को लेकर काफी चर्चा है।

## प्रवर्तन निरीक्षक ने राशन की दुकानो का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा स्थित राशन की दुकानो का प्रवर्तन निरीक्षक बजरंगलाल सौंदल्या ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। प्रवर्तन निरीक्षक सौंदल्या ने शहर स्थित राशन की दुकान पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां मौजुद डीलर से स्टाक बाबत आवश्यक रिकार्ड का अवलोकन कर दुकान में मौजुद स्टाक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद प्रवर्तन निरीक्षक ने वितरण व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।



भगवान श्रीराम कथा में उमड़े श्रद्धालु

## आनंद को भी आनंद प्रदान करने वाला ही भगवान श्रीराम है : शास्त्री



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हनुमान नगर की चल रही तृतीय दिवस की कथा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पांडाल को गुबारो, फूल मालाओं, तोरण द्वार पर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम जी की बालरूप व राजा दशरथ जी की सजीव झांकी सजाई गई। जिनके दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि आनंद को भी आनंद प्रदान करने वाला ही भगवान श्रीराम है तथा सुंदरता को भी सुंदरता प्रदान करने वाली जानकी है। मानव जीवन में चिंता नहीं उत्साह होना चाहिए। संग्रह करना आसन है। पंरतु त्याग करना कठिन होता है। भौतिकता से प्रगति का पतन होता है। साधना से मानवता विकसित होती है और मानवता से व्यक्ति महान बनता है। उन्होंने कहा कि तर्क के तराजू से भक्ति को तोला नहीं जा सकता है। तर्क विचार से आते है और भक्ति मन के भाव से उत्पन्न होती है। निस्वार्थ सेवा ही परोपकार है। मानव जीवन में परोपकार का विशेष महत्व है। कथा में श्याम बिहारी शर्मा, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, विनोद तिवाडी, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरण सिंह, विमल विजय, अशोक पारीक, हरी माली, अशोक चौधरी, सीताराम जाट व दयाराम जाट सहित कई भक्तो ने भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर भाव विभोर होकर जमकर भक्ति नृत्य किया।

## भगवान बुद्धि से नहीं, भाव से प्राप्त होते हैं...

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को पुष्प मुरारी बापू भगवान ने शिव और सती का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रभु परीक्षा से नहीं प्रतिष्ठा से प्राप्त होते हैं। सती ने प्रभु श्रीराम की परीक्षा ली तो उनको वह मिलकर भी नहीं मिल पाए और शबरी ने भगवान राम की प्रतीक्षा की तो शबरी को भगवान मिल गए।भगवान की कभी परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। भगवान बुद्धि का विषय नहीं है, भगवान भाव का विषय है। भाव का चित्रण करते हुए पुष्प मुरारी बापू ने कहा कि आज का इंसान का मन भव संसार में लगता है और बुद्धि भगवान में लगती है। जबकि भगवान बुद्धि से परे हैं, भाव भगवान के लिए अतिप्रिय है। भगवान कहते हैं कि भावना में भाव है तो भव से बेड़ा पार है, अर्थात भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान कहते है भाव से मुझे भजे तो भक्त का बेड़ा पार निश्चित है। सती के त्याग के बाद भगवान शिव कैलाश पर समाधि में लीन हो गए। भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। उल्लेखनीय है कि बावड़ी बालाजी मंदिर परिसर में दोपहर एक से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा आयोजित हो रही है।

## बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** पुरानी तहसील स्थित श्री बारादरी बालाजी मन्दिर में श्री बारादरी रामचरित मानस मंडल अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में महामंत्री विनोद शर्मा, दिनेश विजय, सत्यनारायण विजय, सत्यनारायण शर्मा, प्रहलाद विजय सागरिया सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे। बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए विनोद शर्मा बील ने बताया कि मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष की इस वर्ष 7 जनवरी को विशाल एवं भव्य पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अन्तर्गत 6 जनवरी को मन्दिर प्रागंण में रामायण पठन शुरू होगा। वीं 7 जनवरी को दोपहर में महिला सत्संग के बाद सायंकाल के समय आरती के बाद पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। वहीं इस मौके पर प्रसादी वितरण के साथ साथ विशाल पंगत प्रसादी का भी आयोजन होगा।

## बेरोजगार कला शिक्षकों ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मन्त्री के नाम एडीएम को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिले के बेरोजगार कला शिक्षकों (चित्रकला व संगीत) अभ्यर्थियों ने बीना महावर अति.जिला कलेक्टर महोदया को मुख्यमंत्री व शिक्षा मन्त्री के नाम दिया ज्ञापन इस अवसर जिले के कलाकारों डॉ विनीत चतुर्वेदी, योगराज बैरवा, रविशेखर शर्मा, पंकज नागर,अनिल सैनी, विकास ऋषिए ने ज्ञापन सौपा।

**यह है मांगे मुख्य :** कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा (चित्रकला व संगीत) विषय की निम्नलिखित मुख्य मांगे। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा चित्रकला व संगीत विषय के बिना शिक्षण, पुस्तक बिना सैद्धांतिक व प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं और बिना कला शिक्षकों के किये जा रहे फर्जी मूल्यांकन पर तत्काल रोक लगाने हेतु। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा चित्रकला व संगीत विषय के शिक्षण हेतु पृथक से कला शिक्षकों के पद सृजित कर नियमित भर्ती शुरू करने हेतु। माननीय हाईकोर्ट राजस्थान जयपुर द्वारा श्री विमल शर्मा बनाम राजस्थान सरकार अन्य के मामले में वर्ष 2018 व वर्ष 2024 में पारित निर्णय आदेश की पालना सुनिश्चित कर प्रदेश के नामांकित राजकीय विद्यालयों में अनिवार्य कला शिक्षा चित्रकला व संगीत के शिक्षण के लिए कला शिक्षकों की नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने हेतु। कक्षा 9-10 की अनिवार्य कला शिक्षा चित्रकला व संगीत पुस्तक कला कुन्ज को नि:शुल्क वितरण सूची में सम्मलित कर राजकीय विद्यालय में हर वर्ष नामांकित विधार्थियो की संख्या के आधार पर पुस्तक मुद्रण व वितरण करने हेतु। केन्द्र सरकार द्वारा भेजे गये बजट से राजकीय विद्यालयों में तैयार आर्ट एण्ड क्राफ्ट रूमों में विधाार्थियो के लिए कला शिक्षा शिक्षण शुरू करने की सुनिश्चितता करने हेतु। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9ए10 की अनिवार्य कला शिक्षा विषय की वर्ष 2007.2008 से पूर्व की भांति समान परीक्षा योजना में सम्मिलित कर परीक्षा कराने हेतु। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 6,7,8 में अनिवार्य कला शिक्षा की एनसीईआरटी पुस्तकों को लागू कर मुद्रण व निरूशुल्क वितरण करने हेतु। ज्ञापन अलवर बेरोजगार कला शिक्षा के प्रभारी डॉ विनीत चतुर्वेदी के नेतृत्व में योगराज बैरवा,रवि शेखर, पंकज नागर,अनिल सैनी द्वारा दिया गया।

## खनन कार्य से हो रहे नुकसान को लेकर गांव बासियो में आक्रोश खनन कार्य बंद कराने की मांग


बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर( गोपाल पाठक )।** भौड़ा गांव सहित आसपास के कई गांव के बाशिंदों द्वारा भाजपा नेता अतर सिंह भडाना द्वारा भौंडा गांव की चरागाह भूमि पर होकर खनन कार्य के लिये रास्ता निकालने एवं अवैध खनन करने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। पूर्व फौजी मुकेश सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन प्रशासन गांव वालों की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है। 27 दिसंबर को प्रशासन ने मौके पर आकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराने के लिए दवाव डाला परंतु प्रशासन गांव वासियों की समस्या और मांगों को सुनने के लिए प्रशासन तैयार नहीं है। धरना दे रहे लोगों ने बताया की भाजपा नेता द्वारा भडाना द्वारा की जा रही खनन कार्रवाई शुरू से ही विवादों में रही है। इससे बरसाती नाला जिससे बाध भरते थे तथा वैर की प्रताप नहर मैं इसी नाले से पानी पहुंचता था वह बिल्कुल अवरुद्ध कर दिया है। गांव वासियों ने बताया कि सन 2000 से 2013 तक इस स्थान को वृक्ष रोपण कर हरा भरा कर किया था बाद में जब से खनन कार्य शुरू हुआ है वृक्षारोपण पूरी तरह नष्ट हो गया है। भेरुजी के मंदिर पर खनन में ब्लास्ट होने से कंपन पैदा होता है। स्थानीय लोगों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन है खनन कार्य होने से पशुओं को चरने का स्थान भी समाप्त हो गया है। धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि अब तक 20-25 बकरियां व कई भैंस गहरी खाई में गिरने से मर चुकी है। एक किलोमीटर दूर तक फसलों पर डस्ट छाई हुई है फसल नष्ट हो रही है । चारागाह भूमि में होकर कई जगह से रास्ता निकाल लिए हैं। उन्होंने बताया खनन कार्य पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए जब तक यह कार्य बंद नहीं होता धरना प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा तथा विचार विमर्श कर बड़े आंदोलन भी किया जाएगा।

## जिला कलेक्टर डीग ने ली अधिकारियों की बैठक

### अवैध खनन के मामलों में अप्रैल से 26 दिसंबर तक 3 करोड़ 83 लाख 45 हज़ार 712 रुपए की पेनल्टी

बढ़ता राजस्थान

**डीग/ भरतपुर ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल ने शुक्रवार को अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए गठित विशेष जांच दल की बैठक की। जिला कलेक्टर ने कहा कि खनन पट्टों पर पिलर्स लगाए गए हैं यह सूचना खान विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई है। इसके सत्यापन के लिए उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह खनन पट्टों का औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि खनन पट्टेधारकों ने खनन पट्टों पर पिलर्स लगाए हुए हैं। खनन के लिए पिलर्स महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे खदानों का एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक घटक हैं, जो कार्य क्षेत्रों तक सुरक्षित पहुंच प्रदान करते हैं और ऊपरी स्तर को सहारा देते हैं। जिला कलेक्टर ने परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, खान विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन व अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतों की जांच व सत्यापन के लिए संबन्धित विभाग, उपखंड अधिकारी सहित संयुक्त दल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच करने व शिकायत सही होने पर कार्रवाई करें।

### रेस्क्यू ऑपरेशन का 5 वां दिन

# बारिश बन रही बाधा, टूट रहा सब्र का बांध, परिजनों और ग्रामीणों ने लगाया प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा स्थित बड़ियाली की ढाणी में 3 वर्षीय मासूम चेतना को बोरवेल से बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार पांचवें दिन भी जारी है। 700 फीट गहरे बोरवेल में फंसी चेतना 150 फीट की गहराई पर अटकी है। पिछले 90 घंटों से भूखी-प्यासी इस बच्ची की हालत को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। बारिश और तकनीकी दिक्कतों के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में कई बार बाधाएं आई है।

### प्रयास असफल

रेस्क्यू टीम ने बोरवेल के समानांतर 170 फीट गहरा गड्?ढा खोदने का काम पूरा कर लिया है। अब इस गड्ढे में रैट माइनर्स को पाइप के जरिए उतारा जाएगा। वे बोरवेल तक पहुंचने के लिए करीब 20 फीट की सुरंग बनाएंगे। हालांकि, इस योजना को पूरा करने में भी समय लग रहा है।

### तीन दिन से कोई मूवमेंट नहीं, अनिष्ट की आशंका

**सुरंग बनाने का काम जल्द होगा शुरू :** गुरुवार रात से हो रही रुक- रुक कर बारिश ने ऑपरेशन में अतिरिक्त मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। पाइप डालने और वेल्डिंग के काम में धीमापन आ गया है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि सुरंग बनाने का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा और चेतना को सुरक्षित बाहर लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। मौके पर टैंट लगाए गए हैं और उनके नीचे काम किया जा रहा है। काम की गति आधी रह गई है।मशीनों से किए गए कई प्रयास अब तक असफल रहे हैं। सदमे में मां, निवाला तक नहीं निगला: पिछले चार दिनों से भूखी-प्यासी चेतना के परिवार की हालत भी बिगड़ती जा रही है। बच्ची की मां ने भी खाना नहीं खाया और वह सदमे में हैं। परिजनों और ग्रामीणों का प्रशासन पर लापरवाही का आरोप है।










### इनका कहना

बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा आ रही है। केसिंग पाइप की वेल्डिंग का काम जारी है। रेस्क्यू टीम के लिए वॉटरप्रूफ टेंट भी लगाया गया है। जमीन के नीचे पत्थर आने से भी रिस्क बढ़ गया है। जल्द से जल्द रेस्क्यू अभियान को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं।

**कल्पना अग्रवाल, कलक्टर कोटपूतली बहरोड**

## आदर्श सौर ऊर्जा गांव को मिलेंगे एक करोड़ रुपए गांव को प्रतिस्पर्द्धा में अव्वल आना जरूरी होगा

### मॉडल सोलर ग्राम चयन समिति की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**डीग/ भरतपुर ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मॉडल सोलर ग्राम चयन समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम का चयन किया गया। बड़ी बात यह है कि आदर्श सौर ऊर्जा गांव में चयनित गांव को एक करोड रुपए की राशि दी जाएगी। जिले के पांच गांवों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में शामिल कर लिया गया है। अस्तावन, कौरेंर, सुन्दरावली, सबलाना और कैथवाड़ा का चयन किया गया। योजना का लाभ मिलने के बाद इन गांव-कस्बों के लोगों को राहत मिल सकेगी। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में इस योजना का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा करने का प्रावधान है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अन्य आवेदनों पर भी समय रहते उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ जिले के पात्र नागरिकों को मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम कुसुम योजना में अधिकाधिक आवेदन कराएं जाए। जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता बनवारी लाल वर्मा ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के पांच गांव का चयन हुआ है। वर्मा ने बताया कि योजना के तहत चयनित गांव में से एक आदर्श सौर ग्राम का चयन किया जाएगा। चयनित गांवों में आमजन से आवेदन लेकर सोलर रूफटॉप स्थापित करवाए जाएंगे। सबसे ज्यादा किलो वाट क्षमता के प्लांट स्थापित करने वाले गांव को आदर्श सौर ग्राम का दर्जा दिया जाएगा। आदर्श सौर ग्राम को एक करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस राशि का उपयोग गांव में सोलर प्लांट की स्थापना के लिए किया जा सकेगा ताकि बिजली पर निर्भरता नहीं रहे और बिजली की आवश्यकता सौर ऊर्जा से ही पूरी हो सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने पर सब्सिडी मिलती है। एक किलो वाट के सोलर पैनल लगवाने पर ?30000, दो किलो वाट के सोलर पैनल लगाने पर ?60000 और 3 किलो वाट या उससे ज्यादा के सोलर पैनल लगाने पर ?78000 की सब्सिडी मिलती है। इस योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलती है। ज्यादा बिजली पैदा कर सरकार को भी बिजली बेची जा सकती है। अगर आपके पास पैसे नहीं है तो राष्ट्रीयकृत बैंक इस योजना के लिए लोन दे रहे हैं। बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चयनित गांव में सौर ऊर्जा के बारे में अधिकाधिक जानकारी ग्रामीणों को दी जाए ताकि सौर ऊर्जा यूनिट स्थापित करने के लिए आधिकाधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हो सकें।



ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्य के लिए सहयोग लिया जाएगा। गांव में प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर लगाकर घरों में सौर यूनिट स्थापित करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया।

## नि:शुल्क परामर्श आयुर्वैदिक मेडिकल कैंप का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** टेल्को चौराहा स्थित अलवर शहर के अपना घर शालीमार में सोमवार पार्क में डागुर आयुर्वैदिक क्लिनिक द्वारा नि:शुल्क परामर्श आयुर्वैदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। डागुर आयुर्वैदिक क्लिनिक के संचालक डॉक्टर कपिल चौधरी ने बताया कि आयुर्वेद के द्वारा हड्डी व अस्थि रोग , चर्म रोग,एलर्जी रोगों की आयुर्वैदिक चिकित्सा अत्यंत प्रभावी की जा सकती है। कैम्प में हड्डी व अस्थि रोग के व चर्म एलर्जी रोग की चिकित्सा मुख्य रूप से की गई। रोगियों को नि:शुल्क औषधि वितरण निशुल्क चिकित्सा परामर्श अग्निकर्म आदि द्वारा किया गया । लगभग 80 मरीजों को लाभान्वित किया गया। अपना घर शालीमार सोसायट के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने मेडिकल कैंप में व्यवस्था बनाए रखने में सहायता की।




## रात को खेत में फसलों की सिंचाई कर रहे किसान की मौत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सदर थाना इलाके के गांव मदनपुर में शुक्रवार सुबह खेतों में काम कर रहे किसान की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड लगने से किसान की मौत हुई है। पुलिस ने मृतक किसान का बयाना सीएचसी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

स्थानीय निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि उसके चाचा बनय सिंह गुर्जर (51) पुत्र चरन सिंह शुक्रवार और सुबह 3.30 बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई करने गए थे। क्योंकि इन दोनों बिजली विभाग की ओर से सुबह 4 बजे से सुबह 10 बजे के ब्लॉक में कृषि के लिए थ्री फेज बिजली दी जा रही है। जसवंत ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे वह चाचा को चाय देने खेत पर गया था। जहां चाचा बनयसिंह खेत में बेहोशी की हालत में पड़े हुए मिले। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और परिजनों को सूचना देकर बेहोश चाचा को बयाना सीएचसी लेकर आए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय ग्रामीण लेखराज मीणा आदि ने बताया कि लगातार आंदोलन के बाद भी बयाना तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में डिस्कॉम की ओर से रात के ब्लॉक में एग्रीकल्चर बिजली सप्लाई दी जा रही है। जिसके कारण किसानों को रातभर कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के तले खेतों में खड़े रहकर फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। सर्दी लगने से लोगों की मौत हो रही है। ग्रामीणों ने मृतक बनय सिंह के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की भी मांग की है। सदर थाने के,स्ध्र दामोदर शर्मा ने बताया कि मृतक किसान का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## नवनिर्मित पंचायत समिति भवन ,तहसील व पंचायत समिति कार्यालय का डॉ. यादव ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करते हुए विधायक एवं सांसद निधि के कार्यों को समय पर पूर्ण कराये, यह कहना है जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव का। डॉ.अमित यादव के भुसावर पहुंचने पर उपखंड, तहसील कार्यालयों सहित नवनिर्मित पंचायत समिति भवन के साथ पंचायत समिति के बल्लभगढ़ रोड स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत पंचायत समिति भवन निर्माता संवेदक सहित अधिकारियों को क्वालिटी मेंटेन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दीवारों पर विशेष प्रकार के धब्बौ के लेकर नाराजगी व्यक्त की! विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर को सांसद एवं विधायक कोटे को राशि द्वारा स्वीकृत कार्यों को जल्द पूरे करने के साथ अन्य कार्यों में प्रगति के लिए निर्देशित किया विकास अधिकारी बुनकर ने बतलाया कि वे 7 दिवस में कार्य प्रगति में लाकर समयावधि में पूरा करने के प्रयास करेगे। उपखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर स्थित अचार फैक्ट्री का भी जिला कलेक्टर डॉ.यादव ने अवलोकन किया। युवा व्यवसायी विवेक गर्ग ने क्षेत्र के प्रसिद्ध अचार मुरब्बों के बारे में जानकारी दी। जिस पर जिला कलक्टर डॉ0 अमित यादव ने उद्योगों को बढावा देने के लिए बात कही।



## निजी स्कूल शिक्षक को झांसा देकर 60 हजार की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** साइबर ठगों द्वारा एक निजी विद्यालय के शिक्षक को झांसा देकर उसके बैंक खाते से 60 हजार का ऑनलाइन पार करने का मामला प्रकाश में आया है। खाते से पैसे निकलने का मैसेज आने के बाद स्कूल शिक्षक को ठगी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने साइबर सेल के कंट्रोल नंबर 1930 और नेशनल साइबर क्राइम ब्यूरो के पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। इसके साथ ही बयाना कोतवाली थाना पुलिस को भी घटना की लिखित सूचना दी है। शुक्रवार दोपहर थाने पहुंचे शहर के पठानपाड़ा इलाके के रहने वाले प्राइवेट स्कूल टीचर हरीश चंद्र सैनी (28) ने बताया कि उसका आर्य समाज रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में सेविंग अकाउंट है।



बैंक ने पिछले महीने उसके खाते पर नया क्रेडिट कार्ड जारी किया था। दोपहर करीब 12ः30 बजे उसके मोबाइल पर एसबीआई कस्टमर केयर के नाम से एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि क्रेडिट कार्ड से राशि ट्रांसफर करने पर लगने वाले चार्ज को फ्री किया जा रहा है। इस पर कॉल करने वाले व्यक्ति ने एक लिंक भेजी। लिंक को ओपन करने के कुछ देर बाद ही उसके खाते से दो बार में 60 हजार 221 रुपए पार हो गए। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। जिस नम्बर से कॉल आई थी, उस पर कॉल बैक किया तो कॉल ही रिसीव नहीं हुई। कोतवाली थाना एच एम शांतिलाल मीणा ने बताया कि पीड़ित ने साइबर सेल में दर्ज कराई ऑनलाइन शिकायत की कॉपी दी है। जिसे रिकॉर्ड पर लिया जा रहा है।

## ये बच्चें देश का सुनहरा भविष्य-भामाशाह पवन चौधरी

### स्कूली बच्चों को भामाशाह पवन जैन(चौधरी) ने किए गर्म कपड़ों का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**खेड़ली/अलवर (का.स.)।** पीपलखेड़ा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कठूमर विधायक रमेश खींची तथा भामाशाह नवकार डेवलपर्स के चैयरमैन पवन जैन(चौधरी) व उनके सुपुत्र अनीश जैन द्वारा स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया । इस दौरान विद्यालय के मेघावी बच्चों को भामाशाह पवन जैन चौधरी द्वारा कक्षा 10 व 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को अगले 5 वर्षों में पढ़ाई का खर्चा वहन करने का संकल्प लिया। वहीं इन कक्षाओं का परिणाम सत प्रतिशत रहने पर शिक्षकों को 11000 रूपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान करने की घोषणा की गई। प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने विधायक से विद्यालय के प्रांगण में इंटरलॉकिंग और सभागार हेतु टीन शेड लगाने की मांग की जिस पर विधायक ने इंटरलॉकिंग के कार्य को करने की सहमति व्यक्त की। प्रधानाचार्य स्टाफ तथा गांव के लोगों द्वारा भामाशाह का सम्मान किया गया । भामाशाह पवन जैन चौधरी और अनीश जैन का माला और साफा बांधकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में मिश्री पंडित, हरिराम गुर्जर, मानसिंह, गिर्राज ठेकेदार, प्रभाती सैनी, जगराम, शेर सिंह गुर्जर, डालाराम सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे उप प्राचार्य सतीश कुमार अवस्थी, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे । प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने भामाशाह समाजसेवी और उद्योगपति पवन जैन (चौधरी) की इस कृत संकल्पित यात्रा में उनका आभार प्रकट किया।



खबर का असर

# एलपीजी सिलेण्डर दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग पर की जा रही प्रभावी कार्यवाही

## घरेलू गैस सिलेंडर की खबर प्रमुखता से प्रकाशित करने पर रसद विभाग ने की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता क्षेत्र में में खुले आम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे थे। बढ़ता राजस्थान समाचार पत्र में 26 दिसंबर के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर को संज्ञान लेते हुए रसद विभाग की टीम ने 26 दिसंबर को ही आनन फानन में कस्बे में कार्यवाही कर 11 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के समसंख्यक पत्रांक दिनांक 10.09.2024 एवं 19.09.2024 की पालना में जिला रसद अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि जिलें मे एलपीजी दुरूपयोग और अवैध रिफिलिंग के विरूद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा अन्ता में कुमावत रेस्टोरेंट, राधे कृष्णा रेस्टोरेंट, जग्रवाल कचौरी-समोसा सेन्टर, हम-तुम भोजनालय, पवनसुत मिष्ठान भण्डार, चौरासिया मिष्ठान भण्डार, दीपक कचौरी भण्डार, जोधपुर मिष्ठान भण्डार, मुस्ताख अब्दुल मोहम्मद एग सेन्टर, गुड्डू एग प्वाइन्ट से कुल 11 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। उक्त कार्यवाही मे एलपीजी (वितरण आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 के नियमों के शर्त सं. 3,4,5 एवं 07 का उल्लघंन पाये जाने पर विभागीय नियमानुसार उक्त एलपीजी सिलेण्डर नजदीकी गैस एजेन्सी को सुपुर्द कर प्रकरण तैयार किया गया। संयुक्त टीम मे प्रवर्तन निरीक्षक संतोष कुमार मीना, रविन्द्र कुमार मीना एवं धीरज कुमार मीना शामिल रहे।

# पटवारी संघ और कानूनगो संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के पटवार संघ कानूनगो संघ उप शाखा गंगधार ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर के नाम उपखंड कार्यालय में ज्ञापन देकर गांव रोझाना के हल्का पटवारी के साथ दुर्व्यवहार करने राज कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग है साथ ही चेतावनी दी कि दो दिन में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो 30 दिसंबर से पटवारी ,कानूनगो फील्ड कार्य का बहिष्कार शुरू कर देंगे। पटवार संघ एवं कानूनगो संघ ने अपने सयुक्त ज्ञापन में लिखा कि ग्राम रोझाना आराजी खसरा नंबर 991सिवायचक भूमि पर गांव के ही भेरूलाल द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा था उसी समय उपखंड अधिकारी,तहसीलदार की मौजूदगी में कार्य रोकने के लिए पाबंद किया था,इसके अगले दिन हल्का पटवारी द्वारा निरीक्षण करने पर अतिक्रमी द्वारा निर्माण कार्य नहीं रोके जाने पर हल्का पटवारी तेजवीर सिंह ने अतिक्रमी से समझाइश करने के दौरान एक अन्य अतिक्रमी मनोहर सिंह द्वारा हल्का पटवारी के साथ दुर्व्यवहार ,गाली गलौच किया गया व राजकार्य को रोका गया,जिसकी सूचना पटवारी द्वारा तहसीलदार गंगधार को दी गई,जिस पर तहसीलदार द्वारा 21 दिसम्बर 24 को थानाप्रभारी गंगधार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था लेकिन आज तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया था । 24 दिसंबर को राजस्व टीम ने तहसीलदार व पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में उक्त भूमि का सीमाज्ञान कर चुने से लाइन कर अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमियों को 26 दिसम्बर तक स्वयं अतिक्रमण हटाने को पाबंद किया था,राजस्व टीम द्वारा सीमाज्ञान करने के बाद 25 दिसंबर को करीब पचास साथ लोगो ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर पटवारी पर बिना तथ्य व सबूत आरोप लगाए जो घोर मिथ्या निंदनीय है। साथ ही ज्ञापन में लिखा आरोपी मनोहर सिंह ने तीन बीघा भूमि में अतिक्रमण कर रखा है ,ज्ञापन में लिखा हल्का पटवारी भारतीय सेना के रिटायर्ड हवलदार हैं वे अपना राज कार्य पुरी ईमानदारी,निष्ठा से करते है ऐसे कार्मिक के साथ इस प्रकार की घटना होना अत्यंत खेद जनक है तथा अन्य कर्मियों के हौसले कमजोर करने वाली है,उन्होंने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है यदि दो दिन में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो 30 दिसंबर से फील्ड कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।



# नीम का खेड़ा में आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का सीएमएचओ डॉ सामर ने किया निरिक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## सीबीसी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओ का भी मिल रहा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो के जरिये आमजन को बेहतरीन एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। शुक्रवार को नीम का खेड़ा, कापरेन, जे एस डेम स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य शिविर लगाए गए। इसी तरह बुधवार को दो जगह शिविर लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शुक्रवार को खंड बूँदी की पिएचसी नीम का खेड़ा मै आयोजित शिविर का निरिक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए!

इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा भी साथ रहे! सीएमएचओ डॉक्टर सामर ने बताया की शिविर मै नियमति चिकित्सकों सहित दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आयुर्वेद चिकित्सक, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मियों ने सेवाएं दी।शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों की जांच एवं कैंसर आदि की स्क्रीनिंग की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा मुहैया करवाई गई। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाने सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक सभी पीएचसी व सीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. सामर के अनुसार शुक्रवार को आयोजित शिविर का निरीक्षण किया साथ ही पिएचसी नीम का खेड़ा का भी निरिक्षण किया



### तीन चरणों में होंगे शिविर

सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे। इसमे प्रथम चरण के दौरान समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर शिविर, द्वितीय चरण में फॉलोअप शिविर जो कि पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होंगे व तृतीय चरण में रेफरल शिविर जो जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों में कुपोषित बच्चों की पहचान, कुष्ठ रोगियों का उपचार, नियमित टीकाकरण और परिवार कल्याण साधनों का वितरण किया जाएगा। यह शिविर चिकित्सा सुविधाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

### बुधवार को यहां आयोजित होंगे शिविर

डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा ने बताया कि बुधवार को सीएचसी बासौली , सीएचसी देइखेड़ा में शिविर लगाए जाएंगे।

# समरावता गांव के लोगों के न्याय के लिए सर्व समाज की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन (सुनील मेघवाल)।** लंबान रेलवे स्टेशन पर स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित सर्व समाज की बैठक को संबोधित करते हुए प्रहलाद गुंजल ने कहा कि समरावता गांव के लोगों को न्याय दिलाने, मुआवजा देने, निर्दोषों की शीघ्र रिहाई और न्यायिक जांच के लिए रिटायर न्यायधीशों से जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की और आगामी 29 दिसंबर को नगर फोर्ट पर आयोजित महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य किशनचंद्र वर्मा, देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना, पार्षद उमेश मीना, खरायता सरपंच बद्रीलाल मीना, अशोक मीना, नरेंद्र बहडावली, रवि मीना लबान, गोविन्द मीना गुहाटा, जुगराज मीना, यशवंत मीना चमावली, मुकेश कोडप, महेश मीना लबान, राम-लक्ष्मण, चेतन चहीचा, राकेश मीना, लखन मीना सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।



# खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक : विधायक आक्या

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (नि.स.)।** खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते है साथ ही हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करते है। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या शुक्रवार को ग्राम तुम्बड़िया में अखिल मेवाड़ सुखवाल समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए उपस्थित खिलाड़ियो, आयोजको व ग्रामिणो को सम्बोधित कर रहे थे।

तुम्बड़िया सरपंच प्रतिनिधी रामप्रसाद सुखवाल ने बताया की अखिल मेवाड़ सुखवाल समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पांचवा चरण के शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पुष्कर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजमल पाण्डिया, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष इंदिरा सुखवाल, चित्तौड़ जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त ओझा व बद्री लाल श्रृंगी कोटा थे। तीन दिवसीय खेलकुद प्रतियोगिता में क्रिकेट कबड्डी और वॉलीबॉल की कुल 70 टीमे भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। उदघाटन अवसर पर राजीव जोशी, तुम्बड़िया सरपंच भेरूलाल सुखवाल, राजु चराणा, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष सुनील सुखवाल पारलिया, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अंबालाल सुखवाल बनाकिया, मदनलाल जाट, शंभू लाल जाट, मांगीलाल पुरोहित, रामचंद्र सुखवाल, गुलाब सुखवाल, कालू सुखवाल, कान्हा सुखवाल, गोपी लाल सुखवाल, रामपाल सुखवाल, भैरू शंकर सुखवाल, मिट्ठू लाल सुखवाल, मुकेश सुखवाल, सीताराम सुखवाल, पप्पू लाल सुखवाल, मनोहर लाल सुखवाल, अनिल जाट, संजय सुखवाल, रवि सुखवाल, नरेश सुखवाल आदि उपस्थित थे।

# समरावता गांव को न्याय व निर्दोषों व नरेश मीना की रिहाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** 29 दिसंबर को सर्व समाज की टोंक जिले में नगरकोट महापंचायत को लेकर बैठक आडा गेला बालाजी मंदिर परिसर में लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने सर्व समाज की बैठक ली । शुरुआत में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की बैठक में पीसीसी सचिव आनंदी लाल मीना,पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीना,पार्षद रामसिंह गुर्जर ,कांग्रेस जिला महासचिव रामलाल गुर्जर,किसान नेता दीपक मीना,पूर्व उप जिला प्रमुख बृजमोहन शर्मा ,युवा नेता सिकंदर अली, भीया उपसरपंच चंद्रप्रकाश मीना,मंडल अध्यक्ष कन्हैया मीना,सुरेश मीना पार्षद अशोक बाई मेघवाल सहित सर्व समाज के युवा व वरिष्ठ जन मौजूद रहे बैठक को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, सांसद प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने संबोधित कर 29 तारीख को नगरफोर्ट चलने का आह्वान किया कार्यक्रम संचालन ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता पार्षद उमेश मीना ने किया।

## सीए फाइनल परीक्षा परिणाम-2024

# कोटा की सलोनी मित्तल ऑल इंडिया 40 वीं रैंक के साथ बनी कोटा सिटी टॉपर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार देर रात सीए फाइनल परीक्षा नवंबर-2024 के फाइनल ग्रुप 1, ग्रुप 2 व ग्रुप दोनों के नतीजे जारी कर दिए है, जिसमें कोटा सीए ब्रांच की स्टूडेंट सलोनी मित्तल ने ऑल इंडिया 40वीं रैंक प्राप्त कर कोटा का नाम रोशन किया है। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि इस साल कोटा से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आईसीएआई सीए फाइनल परीक्षा नवंबर 2024 में दी थी। देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल इस एग्जाम में कोटा समेत देशभर से 21 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इनमें से 11500 कैंडिडेट्स ने चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए क्वालिफाई किया है। सीए चौधरी के मुताबिक कोटा सीए ब्रांच की ओर से बोथ ग्रुप में 162 स्टूडेंट्स ने सीए फाइनल की परीक्षा दी थी, जिसमें से 29 स्टूडेंट्स पास हुए हैं, जबकि पांच स्टूडेंट्स ने बोथ ग्रुप में ग्रुप 1 क्लीयर किया है और 16 स्टूडेंट्स ने ग्रुप 2 क्लियर किया है। कुल मिलाकर बोथ ग्रुप का रिजल्ट 17.90 फीसदी रहा है। उन्होंने बताया कि सीए फाइनल परीक्षा के ग्रुप 1 में 143 स्टूडेंट्स बैठे थे, जिसमें से 20 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। वहीं ग्रुप 2 में कुल 66 स्टूडेंट्स सीए फाइनल परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 13 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। कुल मिलाकर कोटा सीए ब्रांच का ग्रुप 1 में 13.99 फीसदी व ग्रुप 2 में 19.70 फीसदी रिजल्ट रहा है। सीए चौधरी व सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल के अनुसार कोटा की बेटी सलोनी मित्तल ने 20 वर्ष की आयु में सीए फाइनल परीक्षा में 433 अंकों के साथ ऑल इंडिया लेवल पर 40वीं रैंक प्राप्त कर कोटा में भी टॉप किया है।

सलोनी के भाई सौरभ मित्तल ने बताया कि सलोनी प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही है, चार वर्ष की आयु में ही पिता का साया उठ गया था उसके बावजूद भी उसने उसने अपनी मेहनत के बल पर प्रथम प्रयास में ही सीए फाइनल के दोनों ग्रुप पास करके परिवार का नाम रोशन कर दिया है। सलोनी की मां सुनीता मित्तल हाउस वाइफ है।



सलोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है।

# बाल मेला - द फन कार्निवल का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** गामछ के एस एस जयगोविंदा वर्ल्ड स्कूल में बाल मेला - द फन कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने खूब आनंद लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों, नृत्य, संगीत और अन्य गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संस्थापक सुधीर नागर और निदेशक सिद्धार्थ नागर द्वारा की गई। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया, जिनमें प्रमुख आकर्षण थे- हॉरर शो, राइड्स, क्विज़ और चटपटे व्यंजन। इसके अलावा, बच्चों ने संगीत और नृत्य के कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को एक मजेदार और शिक्षाप्रद अनुभव प्रदान करना था, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और व्यावसायिक कौशल सीखने का अवसर मिला। मौके पर मंथन नागर, जितेंद्र शर्मा, चंद्रिका डागा और सभी शिक्षक मौजूद रहे।



# चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4 का ट्रॉफी अनावरण, जेके लक्ष्मी सीमेंट ने किया समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में दस दिवसीय चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को जेके लक्ष्मी सीमेंट के ओर से जाने वाले पुरस्कार ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस दौरान जे के लक्ष्मी डीलर राजेश नीमा गंगाधर द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए टूर्नामेंट की कमेटी ट्रॉफी सौंपी गई। कमेटी द्वारा ट्रॉफी का अनावरण किया गया।इस दौरान महावीर दास बैरागी दिलीप मोरी विक्की मिश्रा,दानू सिंह,अशोक गायरी, समाजसेवी बंसीलाल राठौर, संदीप विजावत, चतर सिंह,अजय ठंड़ानी,अनमोल पोरवाल, जोटी,मोहित मेहर,अब्दुल सलीम अक्कु, शादाब अहमद,विजय सिंह,परवेज़ खाँन,मजर अली,सलमान खाँन,यश जैन,मोहन मीणा,देवेश मीणा, सहित कमेटी सदस्य मौजूद रहे।



# मदरसा बोर्ड चेयरमैन का जिला वक्फ कमेटी ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** बूँदी में राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम डी चौबदार का अल्प प्रवास पर बूंदी पहुंचने पर सर्किट हाउस में बूंदी जिला वक्फ कमेटी सचिव मौलाना असलम, मेहमूद अली, गुलशन नायक, आदि ने इस्तकबाल किया व मदरसा व पैराटीचरो की समस्याओं सेअवगत कराया ।इस दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा इकबाल अगवान शिक्षा अनुदेशक सरफुदीन अंसारी नसीर मुल्तानी आदि मौजूद थे



इकबाल अगवान मदरसा शिक्षा सहयोगी संघ बूंदी ने पेरा टीचर को नियमित करने की मांग की हे।

# रोजगार ऑफिस का बाबू 700 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## इंटर्नशिप के लिए जगह बदलवाने को लेकर मांगी थी रिश्वत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले की एसीबी की टीम ने शुक्रवार को रोजगार कार्यालय का लिपिक को 700 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बाबू ने इंटर्नशिप के लिए जगह बदलवाने के लिए 1500 रुपए की रिश्वत मांगी थी। धौलपुर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने रोजगार कार्यालय में तैनात बाबू दीपक गोयल पुत्र जगदीश गोयल को 700 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राजस्व विभाग में इंटर्नशिप के लिए चयनित किए गए दीपक कुमार ने बताया कि राजस्थान सरकार की योजना के तहत उसका राजस्व विभाग में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ था। उसे बाड़ी में तैनाती दी गई थी। युवक ने रोजगार कार्यालय में जाकर अपना स्थान बाड़ी से बदलवाने के लिए बाबू दीपक गोयल से बात की थी, जिसके लिए बाबू ने बाड़ी से दूसरी जगह के लिए स्थान बदलवाने के लिए 1500 रुपए की मांग की थी।सौदा 700 रुपए में तय होने के बाद युवक ने बाबू दीपक गोयल को 700 रुपए दे दिए। जिसे एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूरे मामले में एसीबी की टीम ने बाबू दीपक गोयल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई में जुटी है।



# शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान में वार्ड कप का आयोजन

## सेमीफाइनल मुकाबलों में वार्ड 20 सीनियर और वार्ड 06 रही विजेता, शनिवार को होगा फाइनल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर 14 दिसंबर से आयोजित हो रहे वार्ड कप प्रतियोगिता में शुक्रवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल वार्ड 20ए और वार्ड 06 के मध्य खेला गया। जिसमें वार्ड 06 विजेता रही। 107 रन से विजेता वार्ड 6 अब शनिवार को फाइनल मुकाबला खेलेगी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच वार्ड 20 सीनियर और वार्ड 20ए के मध्य खेला गया।जिसमें वार्ड 20 की सीनियर टीम विजेता रही। 46 रनों से जीत दर्ज कर वार्ड 20 की टीम फाइनल में पहुंची है। शनिवार को 12 बजे से वार्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बाड़ी क्रिकेट संघ से जुड़े खेल सचिव श्याम राय ने बताया की युवा क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से यह पूरा टूर्नामेंट चौथी बार आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 15 दिसंबर से क्रिकेट मैच खेले गए हैं। जिनमें विभिन्न वार्डो की टीमों के बीच रोचक मुकाबले हुये हैं। शुक्रवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जिनमें पहला सेमीफाइनल वार्ड 20ए और वार्ड 06 के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड 20ए की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 6 की टीम ने 16 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 20ए की टीम नो ओवर में 60 रन पर ऑल आउट हो गई। ऐसे में 107 रन से वार्ड 6 की टीम विजेता रही। इस मैच का मैन ऑफ द मैच दिलशाद रहे। जिन्होंने 71 रन बनाए और तीन विकेट लिए। इसका मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रतियोगिता के आयोजक एवं युवा समाजसेवी ओमवीर परमार के हाथों दिलाया गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल वार्ड 20 सीनियर और वार्ड 20ए के मध्य हुआ। वार्ड 20ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। वार्ड 20 की सीनियर टीम ने 16 ओवर में 116 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 20ए की टीम 12.2 ओवर में 70 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ऐसे में 46 रन से वार्ड 20 सीनियर की टीम विजेता रही। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमन यादव रहे। जिन्होंने 27 रन बनाए और दो विकेट लिए। इसका मैन ऑफ दी खिताब खेल प्रेमी और समाजसेवी सुगड सिंह अंदाना के हाथों दिलाया गया।



# बढ़ेगी सर्दी... अगले 3 दिन बारिश के साथ ओलों का भी ऑरेंज अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** इस साल के आखिरी दिन कड़क सर्दी के रहेंगे। इसलिए समय रहते तैयारी कर लीजिए। क्योंकि प्रदेश में 27 दिसबंर से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिससे कारण जिले मे 3 दिन बारिश और ओले पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जिसको लेकर मौसम विभाग ने जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे पूर्व में 23 दिसबंर को भी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था। जिसके बाद से जिले के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री और अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तापमान की गिरावट हुई थी और मौसम मे सर्द हवाओं के साथ बदलाव भी हुआ । उत्तरी और पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी होने से सर्द हवाओं ने जिले में ठिठुरन भरी सर्दी का प्रकोप बढ़ा दिया है। गुरुवार को सुबह से आसमां में बादल छाए रहे। दोपहर 12 बजे के बाद सूर्य देव के दर्शन होने को मिले, लेकिन सूर्य देव बादलों के बीच लुक्का-छिपी का खेल खेलते रहे। शाम 4 बजे से ठंड का प्रकोप बढ़ गया और शाम 6 बजे जैसा मौसम दिखने लगा। मौसम में ठंड बढ़ती देख रात 8 बजे से शहर के मुख्य बाजारों की दुकानों के शटर गिरने लगे। मौसम विभाग के वैज्ञानिक माधो सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर से मौसम विभाग ने बारिश और ओले गिरने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। उन्होंने बताया की 27 दिसबंर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिससे जिले मे बारिश के साथ ओले पड़ने की पूर्णत: संभावना जताई जा रही है। ऐसे मे गुरुवार को आसमान में बादल छाए है। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# डांग क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई

## गांव महदपुर में 20 बीघा भूमि को कराया मुक्त, फसल को जेसीबी से किया नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी उपखंड प्रशासन द्वारा डांग के बसई डांग थाना क्षेत्र के महदपुर गांव में कार्रवाई करते हुए करीब 20 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। यह भूमि पर कई वर्षों से आधा दर्जन अतिक्रमणकारियों द्वारा कच्ची पत्थरों की बाड़बंदी कर खेती की जा रही थी। ग्रामीणों ने उक्त मामले को लेकर करीब 3 महीने पहले भरतपुर संभागीय आयुक्त को शिकायत की थी। शिकायत के बाद जिला कलेक्टर धौलपुर के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार और तहसीलदार उत्तमचंद बंसल की मौजूदगी में बसई डांग थाना पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की गई है। तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की 3 महीने पहले संभागीय आयुक्त की जनसुनवाई के दौरान गांव महदपुर के ग्रामीण रघुवीर, मातादीन एवं अन्य ने शिकायत की थी कि गांव के आरजी खसरा नंबर 2224 पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भूमि पर चारों तरफ पत्थरों की बाड़ लगाकर खेती करते हैं। ऐसे में चारागाह भूमि कब्जे में है। जिसके चलते ग्रामीण अपने पशुओं को चारा नहीं पा रहे, ना ही रास्ता निकल पाते हैं। उक्त समस्या को लेकर संभागीय आयुक्त ने धौलपुर जिला कलेक्टर को मामले की जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए जिस पर धौलपुर कलेक्टर श्री निधि बीटी ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे मे जिला कलेक्टर के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ राजस्व टीम के विजेंद्र गोयल, महेश मीणा भू अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी अरुण सिंह, गौरव शांडिल, हरिओम, रामनिवास और हरविंदर गुर्जर ने मौके पर जांच के बाद पाया कि करीब 20 बीघा भूमि अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। इस पर ग्राम पंचायत के सहयोग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से मौके से पत्थरों की मेड़बंदी को हटाते हुए जेसीबी चलाकर उक्त भूमि पर उगाई गई अरहर और सरसों की फसल को नष्ट कराया है। अतिक्रमियों को पाबंद किया है।



# ग्राम पंचायत चूला में सामाजिक अंकेक्षण का काम हुआ पूरा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत चूला में अंकेक्षण का काम हुआ पूरा। बीआरओ प्रवीण कुमार ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के कार्य को को समापन से पूर्व स्व. प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दो मिनिट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।बीआरओ प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रद्धांजलि के बाद सामाजिक अंकेक्षण की कार्यवाही शुरू की गई। जिसमें प्रवीण कुमार द्वारा सामाजिक अंकेक्षण की रिपोर्ट तैयार की गई और ग्राम सभा में पढ़कर सुनाई गई।

सामाजिक अंकेक्षण कार्यवाही की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच सरोज देवी ने की। सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा में सरपंच सरोज देवी, पंचायत समिति सदस्य हरिराम, सरपंच प्रतिनिधि पूर्णचन्द, पंचायत विकास अधिकारी मनोहर गुर्जर, सामाजिक अंकेक्षण सदस्य बीआरओ प्रवीण कुमार, वीआरपी हंसराज चौहान, मोनू देवी, मनोज मीणा, मैठ हंसराज, राजेश यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## 12 अवैध ओवरलोड वाहन जब्त

# 5 लाख रुपए का लगाया जुर्माना, पुलिस और परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में पुलिस और परिवहन विभाग ने अवैध ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 12 वाहनों को जब्त किया है। ओवरलोड वाहनों को जब्त कर उन पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त जांच अभियान को लेकर परिवहन इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह ने बताया कि धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर पुलिस के साथ जिला परिवहन अधिकारी देवानंद के नेतृत्व में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि देर रात से शुरू की गई पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से निकाले जा रहे ओवरलोड वाहनों को रोका गया। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 44 पर की गई कार्रवाई के दौरान 12 से अधिक वाहनों के चालान किए गए हैं। सभी ओवरलोड वाहनों को जब्त कर उन पर 5 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। संयुक्त जांच अभियान के दौरान ओवरलोड वाहनों के चालान बनाकर वाहनों को पुलिस थाना कोतवाली और पुलिस चौकी सागरपाड़ा में सीज किया गया है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह, पुलिस उपनिरीक्षक कैलाश, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक गिरवर सिंह, कॉन्स्टेबल पीयूष सिंह, अजीत सिंह, सुरेश सिंह शामिल रहे।

# कोतवाली पुलिस ने ढाई वर्ष बाद फरार आरोपी को ठाकुर पाड़ा से किया गिरफ्तार

## विधुत विभाग के एईएन और जेईएन से मारपीट मामले में एक और गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार को विद्युत विभाग के जेईएन और एईएन से मारपीट मामले में कार्रवाई करते हुए करीब ढाई साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी को जरिए मुखबिर शहर के ठाकुर पाड़ा स्थित उसके मकान से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया की पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश के निर्देश पर फरार और वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में यह कार्रवाई की है।

जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन और बाड़ी एडीएफ इंचार्ज कमल कुमार जागिड़ एवं सीओ महेंद्र कुमार मीणा के सुपरविजन में पुलिस कांस्टेबल रामज्ञान,राकेश और भगवान सिंह के सहयोग से बिजली विभाग के सहायक अभियंता हर्षादी पति वाल्मीकि और कनिष्क अभियंता के साथ हुई मारपीट और राजकाज के बाधा के मामले में फरार चल रहे आरोपी सूरज उर्फ पाती पुत्र कल्ला ठाकुर निवासी ठाकुर पाड़ा को उसके घर से मुखबिर की विशेष सूचना पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 120/ 2022 में धारा 147 ,148, 149, 333, 353,504,506,307 और 120 बी के साथ एससी-एसटी एक्ट में पूछताछ की जा रही है।



# कड़ाके की ठंड में खेत में फसल को पानी देने के दौरान किसान की मौत

## चिलाचॉंद गांव निवासी था मृतक किसान राकेश मीणा, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के आंगई थाना क्षेत्र के चिलाचोंद गांव में खेत पर काम करते समय एक 40 वर्षीय किसान की अचेत होने पर मौत का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी परिजनों को खेत पर जाने के बाद हुई। जहां अचेत पड़े किसान को देख उनके होश उड़ गए। बाद में परिजनों के रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के अन्य किसान एकत्रित हुए जो परिजनों के साथ उसे बाड़ी अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आंगई थाना पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया है। जहां आज सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। चिलाचोंद गांव निवासी बड़े बुजुर्ग सरपंच बच्चू सिंह ने बताया की 40 वर्षीय राकेश पुत्र पीतम मीणा गुरुवार को अपने खेतों पर गया था। उसके खेतों में फसल को पानी लग रहा है। ऐसे में वह पूरे दिन काम करता रहा। शाम के वक्त जब उसके घर वाले खाना देने पहुंचे तो वह अचेत मिला। जिस पर उसे अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 40 वर्षीय किसान राकेश पुत्र पीतम मीणा की मौत के मामले को लेकर चचेरे भाई मंगल सिंह ने बताया कि सर्दी से मौत हुई है या उसे सांप ने काटा है। यह पता नहीं चल पा रहा है। वह उन्हें अचेत मिला है। जिसके बाद अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं दूसरी और आंगई थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल राकेश कुमार ने बताया कि किसान की खेत में कृषि कार्य करने के दौरान मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि कारण क्या रहे। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकता है।

**मृतक किसान के दो संताने,परिजन परेशान :** 40 वर्षीय किसान की मौत के बाद गांव चिलाचोंद में शोक छाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक राकेश के दो संताने में हैं। जिनमें लड़का 10 वर्ष का है वही लड़की 7 वर्ष की है। वह खेती-बाड़ी से ही परिवार का पालन पोषण कर रहा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बानसूर विधानसभा क्षेत्र में हों रही मावठ से किसानों के चेहरे खिल

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही बारिश का दौर जारी हैं । पूरे विधानसभा क्षेत्र में कभी तेज तो कभी धीरे बारिश होती रही। जिससे किसानों के चेहरे खिल गए। किसान बालाराम गुर्जर ने बताया कि सर्दियों के मौसम में दिसंबर के महीने में होने वाली बरसात से फसलों को काफी फायदा होता है। इस महीने में होने वाली बरसात फसलों के लिए अमृत का काम करती है। जिससे आने वाले समय में फसल अच्छी पैदावार देती है और किसानों को मुनाफा होता है। इस समय किसानों के द्वारा ज्यादातर दो ही फसले बोई जाती है जिनमें से गेहूं और सरसों की फसल होती है। दिसंबर के महीने में हो रही मावठ से गेहूं की फसल को ज्यादा फायदा होता है। वहीं सुरेश कुमार यादव कृषि अधिकारी उद्यान ने बताया की गेहूं, सरसों व चना सहित सभी फसलों को मावठ का फायदा होता हैं।

शुक्रवार को पूरे दिन हुई हल्की वर्षा रबी फसल के लिए वरदान साबित हो रही है । बारानी क्षेत्रों में इस वर्षा से खेतों में नमी बढ़ गई है जिससे यह हल्की वर्षा जीवन रक्षक सिंचाई का काम कर रही है । जिससे फसलों को अच्छा पोषण प्राप्त होगा और उपज अच्छी प्राप्त होगी ।



सुरेश कुमार यादव
कृषि अधिकारी उद्यान

# पुलिस एवं परिवहन विभाग ने अवैध ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाया धरपकड़ अभियान

## संयुक्त जांच अभियान के दौरान करीब एक दर्जन वाहनों को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** परिवहन विभाग एवं पुलिस की टीमों ने अवैध ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध गत रात्रि में संयुक्त जांच अभियान चलाया तथा नियम विरुद्ध निर्माण सामग्री का परिवहन करने वाले करीब एक दर्जन से अधिक ओवर लोड वाहनों के चालान बनाकर पुलिस थाना कोतवाली एवं पुलिस चौकी सागरपाड़ा में सीज कर लगभग पाँच लाख रुपये जुर्माना आरोपित किया गया। संयुक्त कार्यवाही के दौरान सीज वाहनों में भरीं खनन सामग्री के रवन्नों की जाँच हेतु खनन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। संयुक्त कार्यवाही के दौरान परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह, पुलिस उपनिरीक्षक कैलाश, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक गिरवर सिंह, कांस्टेबल पीयूष सिंह, अजीत सिंह, सुरेश सिंह आदि कार्मिक शामिल रहे।

# दुवाटी में महिला व बाल विकास संस्थान के तत्वावधान में 14 से 18 साल की बालिकाओं को देंगे प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** मनिया ग्राम पंचायत दुवाटी में कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन (पीरामल फाउंडेशन) और महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में (पीएम उत्कर्ष जिला) के अंतर्गत जीवन और व्यवसायिक कौशल विकास कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। गांधी फेलो सूरज ने बताया कि 14-18 वर्ष की बालिका-किशोरियों के लिए सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक शिक्षा डिजीटल और वित्तीय साक्षरता, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार और व्यवसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले के ब्लाक धौलपुर, बाड़ी और बसेड़ी की लगभग 8000 किशोरियों को प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कैवल्य फाउंडेशन की करूणा फेलो (मास्टर ट्रेनर) पूजा, पिंकी और अन्य द्वारा प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका-किशोरियों, सरपंच राजेंद्र प्रसाद और पंचायत के सदस्यों द्वारा किया गया। सरपंच ने कहा कि इस कार्यक्रम में ज़्यादा से ज़्यादा बालिका-किशोरियां भाग ले। प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर सरपंच, वार्ड पंच जगदीश, आशा सरला, मैजिक बस फाउंडेशन से ऐजाद खान, शिव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण केंद्र में 8 हजार बालिकाओं को सिखाएंगे हुनर



# नानीबाई का मायरा हेतु विशाल प्रभातफेरी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** 29 दिसम्बर रविवार को होने वाली विशाल प्रभातफेरी के आयोजन के संदर्भ में प्रभातफेरी संयोजक राधेश्याम आमेरिया ने बताया कि घायल, बीमार , दुर्घटनाग्रस्त, असहायक निराश्रित उपेक्षित गौवशं उपचारार्थ एवं सेवार्थ चित्तौडगढ की पावनधरा पर आगामी 11 जनवरी 2025 से 14 जनवरी 25 को नरसी जी का पावन चरित्र एवं नानीबाई का मायरा का लालजीका खेडा में दिव्य भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के उपलक्ष्य में माँ कालिका, माँ बाणमाता और भक्तमति माँ मीरा को पीले चावल के साथ भावभरा निमंत्रण दिये जाने हेतु प्रात: 7 बजे 29 दिसम्बर रविवार को सुभाष चौक से 51 गांवो की प्रभातफेरियों द्वारा हरिनाम संकिर्तन के साथ दुर्ग पर पहूंचेगी। इस हेतु त्रिपोलिया हनुमान मंदिर परिसर गांधीनगर सेक्टर 5 पर प्रशासनिक संत एवं गौभक्त एसीईओ जिला परिषद राकेश पुरोहित के मार्गदर्शन में कथा व्यास प्रहलाद कृष्ण महाराज, कथा प्रबंधन समिति सदस्य मुकेश गुर्जर, अनिल शर्मा, गोविन्द चौधरी, मुकेश नाहेटा, देवीलाल मेनारिया, भगवानलाल काबरा द्वारा त्रिपोलिया हनुमान मंदिर द्वारा संचालित प्रभातफेरी सदस्यो को प्रभातफेरी एवं कथा निमित्त आमंत्रण दिया गया जिसमें प्रभातफेरी से जुडे राधेश्याम आमेरिया, चन्द्रप्रकाश टेलर, महेश बसेर, कीर्ति नेगी, राजेश शर्मा, जीतु, पारसकंवर भाटी, सीतादेवी आमेरिया, सुधा बसेर, भगवती मुरोठिया, आशा गिदवानी, रिना भोजवानी, सुमति बसेर, मंदिर मंडल अध्यक्ष बन्नेसिंह गुर्जर, एवं श्रद्वालु उपस्थित थे तथा 29 दिसम्बर को प्रात: होने वाली भव्य प्रभातफेरी का पोस्टर विमोचन भी मौके पर किया गया। कथा प्रबंधन समिति सदस्य अनिल शर्मा ने बताया कि प्रभातफेरी को भव्य बनाने के लिए लालजीका खेडा, बराडा, लक्ष्मीपुरा एवं पडोस के गांवो के सदस्यो द्वारा 100 से 150 सदस्यों की संख्या मे प्रतिदिन सामुहिक रूप से प्रभातफेरी का आयोजन निकालते हुए 29 तारीख को होने वाली भव्य प्रभातफेरी का निमंत्रण एवं संदेश दिया जा रहा है।

# ब्लेक स्पॉट ठीक करें, सड़कों पर अतिक्रमण हटाएं, जॉइन्ट टीम बना कर औचक निरीक्षण करें : कलक्टर

## सड़क हादसों की रोकथाम के लिए हर संभव उपाय करें, कोई कोताही नहीं बरतें : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( नि.स. )।** राजसमंद, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को अपने कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित कर हादसों की रोकथाम करें, कोई भी व्यक्ति अगर अनाधिकृत कट को बंद करने में व्यवधान पैदा करने तथा सर्विस रोड पर रेलिंग तोड़ने जैसे कार्य करे तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। सड़क हादसों को लेकर कोई कोताही स्वीकार्य नहीं है। बैठक में एडिशनल एसपी (महिला सेल) रजत, एसडीओ बृजेश गुप्ता, डीटीओ डॉ कल्पना शर्मा, सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर, एक्सईएन नाथद्वारा भानु माथुर, एनएचएआई, आरएसआरडीसी के अधिकारी आदि मौजूद रहे। कलक्टर ने कहा कि पुलिस एवं परिवहन विभाग संबंधित क्षेत्र के एसडीओ अथवा तहसीलदार को साथ लेकर जॉइंट टीम बना कर हर सप्ताह हाईवे और अन्य सड़कों पर औचक निरीक्षण करें। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को ओवरलोड और ओवरस्पीड के मामलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने डीटीओ से फिटनेस, परमिट, पीयूसी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। रिफ्लेक्टर, हेलमेट, सीट बेल्ट को लेकर भी सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### ब्लेक स्पॉट सही करें, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करें

कलक्टर ने सड़कों पर ब्लेक स्पॉट सही करने, अनाधिकृत कट बंद करने, हाइवे पर अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आमजन की सुरक्षा के लिए ये सभी उपाय जरूरी है, कहीं कोई व्यक्ति कार्रवाई करने में बाधा पैदा करे तो उस पर भी कार्रवाई करें। हमारे प्रयास से एक ज़िंदगी भी बच पाए तो अच्छा है। कलक्टर ने सर्दी के इस मौसम में कोहरा, ढूंढ से संभावित घटनाओं को लेकर सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने डीटीओ को बाल वाहिनियों का जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाने और विद्यालयों को पाबंद करने के निर्देश दिए।



**देसूरी की नाल में क्रैश बैरियर लगे :** देसूरी की नाल में सुरक्षात्मक उपायों को लेकर आरएसआरडीसी के अधिकारियों से चर्चा की। आरएसआरडीसी ने बताया कि देसूरी की नाल में क्रैश बैरियर लगाने और साइन बोर्ड लगाने संबंधी कार्य कर लिया गया है। हादसों की रोकथाम के लिए कलक्टर और एडिशनल एसपी ने भी कई सुझाव दिए। कलक्टर ने देसूरी की नाल शुरू होने से पहले 4-5 किलोमीटर से ही लोगों को सचेत करने के लिए अधिक से अधिक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

**समय पर पूर्ण करें सभी सुरक्षात्मक उपाय :** इसके अलावा गुड सेमेरिटन, एमडीआर एवं स्टेट हाईवे जंक्शन पर अप्रोच ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप बनाने आदि को लेकर दिशा-निर्देश दिए। हाईवे पर निराश्रित पशुओं की वजह से होने वाली घटनाओं को लेकर भी चर्चा की। सीएमएचओ से हाईवे के नजदीक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं एम्बुलेंस को हर समय तैनात रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलक्टर ने कहा कि निर्देशों की अनुपालना करते हुए सभी सुरक्षात्मक बदलाव जल्द से जल्द किए जाए ताकि सड़क हादसों की रोकथाम की जा सके। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी लाइन विभाग अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए सड़क हादसों की रोकथाम करें।

# आंजना ने तीसरे दिन विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर नेत्र ऑपरेशन उपरांत स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों से मिलकर कुशलक्षेप पूछी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** निंबाहेड़ा में पेच एरिया में आयोजित हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी रजि के तत्वावधान में भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर के चिकित्सकीय सहयोग से राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी उदयलाल आंजना के सुपुत्र एवम् छोटी सादड़ी पंचायत समिति पूर्व प्रधान एवं मुख्य ट्रस्टी मनोहरलाल आंजना के भतीजे स्वर्गीय हरीश आंजना व मातु श्री स्वर्गीय श्रीमती गोपी बाई आंजना पिताश्री स्वर्गीय श्री भेरूलाल आंजना एवम् बहिन स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई आंजना की पुण्य स्मृति में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर गत 25 दिसंबर से आयोजित किया जा रहा है। उक्त नवम विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को छोटी सादड़ी पंचायत समिति पूर्व प्रधान एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी रजि के मुख्य ट्रस्टी मनोहरलाल आंजना एवं युवा उद्योगपति पूरन आंजना द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर शिविर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेप पूछी। साथ ही उक्त विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में चयनित हुए नेत्र रोगियों के मुख्य ट्रस्टी मनोहरलाल आंजना ने स्थानीय ज़िला चिकित्सालय में ऑपरेशन करा रहे मरीजों से भी मिले। हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी रजि के सचिव जगन्नाथ सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के अवलोकन के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल,छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व सदस्य गोवर्धन लाल आंजना, वरिष्ठ कांग्रेसी पृथ्वीराज आंजना, पूर्व विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवम् निवर्तमान पालिका पार्षद रवि प्रकाश सोनी,चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद मनोज पारख,विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, आयुष टीम के मनीष आंजना,जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नुसरत खान, निवर्तमान पालिका पार्षद राजेश सांड,कालू कुमावत, रोमी पोरवाल, ज़िला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान,पूर्व पार्षद शोभाराम जाट,शांतिलाल लाड़ना,एवं बाबू खा मेव इत्यादि उपस्थित थे।




# स्वामी अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज 30 को श्री काल भैरव मंदिर, बोजुंदा चितौड़गढ़ आएंगे

## श्री कालभैरव मंदिर पर अभिनंदन 2025 आयोजन 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर कैलेंडर वर्ष की विदाई और स्वागत में सनातन संस्कृति से ओतप्रोत संगीतमय नानी बाई का मायरा और भव्य भजन संध्या के आयोजन 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होंगे। इस 卐अभिनंदन 2025卐आयोजन में आशीर्वाद प्रदान करने सूरजकुंड वाले संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज 30 दिसम्बर शुभारंभ वेला में आएंगे। जबकि मेवाड़ के प्रख्यात शंकर लक्खा एण्ड पार्टी द्वारा संगीत मय नानी बाई का मायरा और भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए पुजारी बाबूलाल जटिया सतखंडा ने बताया कि बोजुंदा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री काल भैरव मंदिर पर आयोजन के तहत 30 दिसंबर को दोपहर एक बजे से नानी बाई का मायरा का शुभारंभ होगा, जो 31 दिसंबर और 1 जनवरी को प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायंकाल चार बजे तक किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ सूरजकुंड वाले संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में होगा। जबकि नव वर्ष के अभिनंदन स्वरूप 31 दिसंबर की रात्रि मंदिर पर विशाल रात्रि जागरण भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समापन 1 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे नानी बाई का मायरा कथा के पश्चात विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। श्रद्धालुओं के प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन में आशीर्वाद प्रदान करने के लिए सूरजकुंड वाले स्वामी अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज से भेंट की, उन्होंने 30 दिसंबर को आने की स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि थर्टी फर्स्ट व कैलेंडर नव वर्ष पर होने वाले पाश्चात्य , फूहड़ आयोजन व पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण को रोकने और सनातन संस्कृति के पवित्र संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भक्ति भाव की रसधारा बहेगी। श्री काल भैरव मंदिर पर तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी की जा रही है, आयोजन में आसपास सहित सुदुरस्थ क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।



# मौके पर ही जांच उपचार से आमजन को मिली राहत

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर अब तक 27 हजार 618 लोगो ने लिया लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( नि.स. )।** प्रदेश भर में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में ग्रामीणजन उत्साह के साथ शिविरो में पहुंच रहे है जहां जांच व उपचार के साथ ही चिकित्सा विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण करवा लाभान्वित हो रहे है। जिले में अब तक आयोजित 50 शिविरो में 28 हजार 532 लोगो ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श लिया है। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी।

**लगभग 10 हजार लोगो की हुई कैंसर स्क्रीनिंग, 149 संभावित रोगी मिले :** उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य शिविरो में 5 हजार 973 लोगो की ओरल कैंसर, 2 हजार 885 की ब्रेस्ट कैंसर एवं 1 हजार 23 की सर्वाकिल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई जिसमें ओरल कैंसर के 124 संभावित मरीज, ब्रेस्ट कैंसर के 22 संभावित मरीज व 3 संभावित मरीज सर्वाकिल कैंसर के मिले है। शिविरो में 959 गर्भवती महिलाओं ने प्रसव पूर्व सेवायें ली तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम में 1291 पुरूष एवं 1200 महिलाओ को विभिन्न साधनो का वितरण किया गया। मोतियाबिंद के 347 रोगीयों को चिन्हीत किया गया तथा 196 चश्मो का वितरण किया गया।

**12 हजार 214 लोगो की डायबिटिज जांच व 12 हजार 903 लोगो की हुई बी.पी जांच :** अब तक आयोजित हुए शिविरो में 12 हजार 214 लोगो की डायबिटिज स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 1 हजार 22 लोग पॉजिटिव मिले वही 12 हजार 903 लोगो की बी.पी स्क्रीनिंग में 1 हजार 8 लोग पॉजिटिव पाये गये। 809 लोगो ने शिविरो में टेली कन्सलटेंसी द्वारा सुपरस्पेशलिस्ट से परामर्श प्राप्त किया तथा 1274 लोगो ने टेलीकन्सलटेंसी के माध्यम से विशेषज्ञो से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में 107 लोगो एम्बूलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थानो पर रेफर किया गया।

**एलोपैथी से हुआ 16 हजार 156 रोगियों का उपचार :** शिविरो में एलोपैथी पद्धिति से 16 हजार 156 रोगियों की जांच कर मौके पर उपचार दिया गया वहीं आयुष पद्धति से 2 हजार 802 मरीजो ने उपचार लिया। 2 हजार 750 टी.बी सम्भावित मरीजो की जांच की गई जिसमें से 16 व्यक्ति टी.बी पॉजिटिव पाये गये वहीं 101 टी.बी मरीजो को निक्षय पोषण योजना से लाभान्वित किया गया। 2 हजार 222 मरीज नाक, कान, गला रोग से पीड़ीत पाये गये जिनको मौके पर ही परामर्श व उपचार दिया गया। दन्त व मुंह के रोगो से ग्रस्त 1799 की जांच कर उपचार किया गया। 23 हजार 634 मरीजो को नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवा वितरण कर लाभान्वित किया गया।



# केकड़ी के प्रतीक जैन को मिली सीए फाइनल में शानदार सफलता

## ऑल इंडिया स्तर पर अर्जित की 39वीं रेंक

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सीए फाइनल परीक्षा 2024 के अंतर्गत शुक्रवार को घोषित परिणामों में केकड़ी के होनहार छात्र प्रतीक जैन पुत्र कैलाश चंद जैन ने अपने पहले ही प्रयास में 600 में से 434 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता का परचम लहराते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 39 वीं रैंक हासिल की है। प्रतीक ने इस परीक्षा में 72.33 प्रतिशत अंक अर्जित किये। छात्र प्रतीक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन और इष्ट मित्रो को देते हुए कहा कि उन्होनें निरंतर प्रयास के साथ श्रद्धा, आत्मविश्वास व माता-पिता के आशीर्वाद से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होनें विशेष तौर पर बताया कि वे एकाग्रता बढाने के लिए नियमित भावना योग करते रहे हैं। प्रतीक जैन वर्तमान में मुंबई की एक प्रतिष्ठित कंपनी अर्न्स्ट एंड यंग में कार्यरत है। उल्लेखनीय है कि छात्र प्रतीक ने वर्ष 2020 में श्री सुधासागर स्कूल में अध्ययन करते हुए वाणिज्य संकाय से बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर केकड़ी क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया था तथा इसके पश्चात वर्ष 2021 में सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में 19वीं रैंक हासिल की थी।



# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद, एहतियात के लिए किया उड़नदस्तों का गठन

बढ़ता राजस्थान

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली बैठक

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** आरपीएससी की ओर से संस्कृत शिक्षा विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ अध्यापक के लिए 28 से 31 दिसम्बर तक जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा 2024 की तैयारियों के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भंडारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से केंद्राधीक्षक, उप समन्वयक, ऑब्जर्वर और व्यवस्थापक शामिल हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने बैठक में परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होने सभी को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जाए और पूरी सजगता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराई जाए। उन्होनें बताया कि नकल विहीन और पारदर्शिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए हर परीक्षा केंद्र की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। केंद्राधीक्षक और पर्यवेक्षकों को प्रत्येक परीक्षा कक्ष में व्यवस्था का जायजा लेना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय चरण में दो पारियों में कुल 14 केंद्रों पर आयोग के समय विभाजन के अनुसार आयोजित की जायेगी। परीक्षा में एहतियात के तौर पर उपखंड अधिकारी, पुलिस सेवा के वृत्ताधिकारी एवं शिक्षा सेवा के अधिकारियों के उड़न दस्ते बनाये गए है। परीक्षा की तैयारियों के संबंध में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय केकड़ी के प्रधानाचार्य राधेश्याम कुमावत द्वारा सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को केंद्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। इसके बाद प्रवेश नही दिया जाएगा। परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से अपना मूल पहचान पत्र व ई प्रवेश पत्र साथ लेकर आए। परीक्षा प्रभारी द्वारा आरपीएससी से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप परीक्षा के दौरान उपयोग में ली जाने वाली सामग्री का वितरण किया गया।



# वैष्णव बैरागी समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे उदयपुर व पाली ने जीते मैच

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( नि.स. )।** वैष्णव बैरागी समाज द्वारा आमेट में चल रही वैष्णव प्रीमियर लीग -2024 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोचक मैच हुए । युवा अध्यक्ष व प्रतियोगिता संयोजक मुकेश वैष्णव ने बताया कि प्रतियोगिता में तीसरे दिन मैचो मे बीठुडा पाली ने वैष्णव इलेवन आमेट को दस विकेट से, धारता उदयपुर ने राजाराम मार्बल क्लब गोविंदगढ़ को , धवला मारवाड पाली टीम ने सीयाराम क्लब पीपलांत्री राजसमंद को रोचक मुकाबले मे मात्र 2 रन से पराजित किया। प्रतियोगिता के संयोजक अध्यक्ष मुकेश वैष्णव सरदारगढ़, शैतान सिंह,अशोक वैष्णव आमेट, पवन वैष्णव, महेंद्र वैष्णव आगरिया,मुकेश वैष्णव सियाणा, हीरा दास आगरिया, हरिदास सियाणा, प्रेम दास वैष्णव भोली खेड़ा,पीयुष वैष्णव आमेट आदि अतिथि थे । अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। भरत वैष्णव सियाणा,श्रवण वैष्णव जेतपुरा,विष्णु वैष्णव, मुरली वैष्णव गुगली,करण वैष्णव, प्रकाश वैष्णव आईडाणा, पिंटू वैष्णव सिमाल आदि खेल मैदान पर व्यवस्था में सहयोग दिया।



# गंगापुर सिटी से जयपुर के लिए ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्री को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** बाटोदा बरनाला अट्ठाईसा क्षेत्र के लोगों ने गंगापुर सिटी से जयपुर के लिए अतिरिक्त ट्रेन संचालन की मांग की है। ग्रामीणों ने इस मांग को लेकर रेल मंत्री को ज्ञापन दिया है। अट्ठाईसा विकास परिषद के पदाधिकारियों व बरनाला तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों की ओर से रेल मंत्री अश्विनी कुमार के अलावा टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, लालसोट विधायक रामबिलास मीणा, बामनवास विधायक प्रत्याशी रहे राजेंद्र मीणा, बामनवास प्रधान शशिकला मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपे है। ज्ञापन में बताया कि इस क्षेत्र के सैंकड़ों लोग जिनमें व्यापारी, विद्यार्थी, सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारी, किसान, मजदूर आदि नियमित रूप से गंगापुर सिटी से जयपुर तक की यात्रा करते हैं। क्षेत्र के लोगों को गंगापुरसिटी, पिपलाई, बामनवास, लालसोट, दौसा, जयपुर जाना होता है। रेलवे की ओर से गंगापुर सिटी- जयपुर के बीच केवल एक यात्री ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन जयपुर से सुबह 9.50 बजे चलकर दोपहर 2.20 बजे गंगापुरसिटी पहुंचकर वापस 2.30 बजे रवाना होकर देर शाम को जयपुर पहुंचती है। ऐसे में यह एक ट्रेन अपर्याप्त है। अट्ठाइसा क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे को गंगापुर सिटी से सुबह पांच बजे एक ट्रेन ओर चलानी चाहिए जो नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को 9.30 बजे तक जयपुर पहुंचा दें और वापसी में जयपुर से शाम पांच बजे चलकर रात्रि 9.30 बजे तक गंगापुर सिटी पहुंच जाए। इस रेल से आम लोगों को तो फायदा होगा ही साथ ही विभाग को राजस्व की भी बढ़ोतरी होगी।

# श्रद्धालुओं के लिए खोला त्रिनेत्र गणेश मंदिर

### जंगल की ओर हुआ बाघिन एरोहैड और शावकों का रुख

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बाघिन एरोहैड व उसके शावकों का मूवमेंट आखिरकार एक बार फिर से रणथम्भौर दुर्ग से वापस जंगल की ओर हो गया है। इसके बाद वन विभाग ने भी गत दिवस सुबह करीब आठ बजे से रणथम्भौर दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर को एक बार फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया। त्रिनेत्र गणेश मंदिर महंत बृजकिशोर दाधीच ने बताया कि मंदिर खुलने के बाद तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिनेत्र गणेश के दर्शन किए। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बाघिन एरोहैड और उसके तीन शावकों का मूवमेंट रणथम्भौर दुर्ग पर भी बना हुआ था। ऐसे में वन विभाग की ओर से दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों का प्रवेश बंद किया हुआ था।

**तीन बजे बाद नहीं दी जाएगी एंट्री**

वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिनऔर शावकों के एक बार फिर से दुर्ग से जंगल की ओर लौट जाने के बाद फिर से श्रद्धालुओं का प्रवेश शुरू कर दिया गया है। हालांकि अभी सुरक्षा और एहतियात के तौर पर कुछ दिनों के लिए श्रद्धालुओं को केवल दोपहर तीन बजे तक ही गणेश धाम के भीतर प्रवेश दिया जाएगा, ताकि सभी श्रद्धालु शाम पांच बजे तक दिन ढलने से पूर्व ही नीचे लौट सकें। मंदिर मार्ग बंद होने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में रोष था। मंदिर प्रबंधन के हिमांशु गौतम ने बताया कि मंदिर नहीं खुलने से ग्रामीण और भक्तों में रोष व्याप्त था। वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और प्रवेश को लेकर ग्रामीण और मंदिर प्रशासन ने सीसीएफ और डीएफओ से बातचीत की। वन अधिकारियों ने त्रिनेत्र गणेश मार्ग के बंद होने पर चिंता जताई। वन अधिकारियों के निर्देश पर रेंजर अश्विनी प्रताप ने टीम के साथ मिलकर बाघिन व उसके शावकों को मंदिर मार्ग से दूर किया। इसके बाद गणेश मार्ग चालू हुआ।

# विद्यार्थियों को स्वास्थ्य केंद्र का कराया भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी( अब्दुल माहिर )।** जिले के बाटोदा कस्बे में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत व्यावसायिक विषय के विद्यार्थियों ने गुरुवार को बाटोदा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। प्रभारी शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि हेल्थ केयर एवं आईटी दोनों ट्रेड के विद्यार्थियों का शीतकालीन अवकाश में ओजेटी कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें हेल्थ केयर विषय के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विजिट करवाकर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बताया गया। ट्रेड प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता तथा शिक्षिका बीना मीना के नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के संरक्षण व निर्देशन में मरीजों की विभिन्न जांच करने की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा हाल ही में सरकार की ओर से प्रदान की गई कौशल विकास सामग्री का उपयोग करते हुए छात्र-छात्राओं ने स्वयं बीपी, पल्स, ताप आदि की जांच की। इधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिबस्या में आईटी एंड आईटी के विद्यार्थियों ने प्रभारी व्याख्याता शिव कुमार अग्रवाल, शिक्षिका मंजू मीणा, प्रशिक्षक शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में आईटीआई केंद्र की विभिन्न ट्रेड की प्रयोगशालाओं को देखा तथा आईटी की लैब का विशेष प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

# स्वच्छ भारत मिशन के लिये पँचायत ने लगाये कचरा पात्र, लेकिन कचरा संग्रहण की व्यवस्था नही




बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( सत्यनारायणश्रकुमावत )।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम काचरोदा मे पँचायत प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सभी वार्डो मे कचरा पात्र लगाकर ग्रामीणो को स्वच्छता का संदेश तो दे दिया, मगर इन पात्रो मे जमा कचरे के संग्रहण की कोई व्यवस्था नही है।ग्रामीणो द्वारा अपने अपने घरो से साफ सफाई कर कचरा इन पात्रो मे डाल रहे है.। मगर पँचायत द्वारा इन कचरे से लबालब इन पात्रो को खाली करने की कोई व्यवस्था नही होने से यह गन्दगी आम रास्तो मे फैल जाती है. नतीजन घरो का कचरा हवा से उड कर वापस घरो मे पहुँच रहा है। इस सम्बन्ध मे ग्राम की संरपँच श्रीमती पुष्पा कुमावत ने बताया कि कचरा उठाने वाली गाडी का करार खत्म हो गया है,अब कचरा संग्रहण के लिये वाहन हेतु शीघ्र ही निविदा जारी कर व्यवस्था की जा रही है।

# भवन व मकानों पर किया पथराव, ठेलों से सामान फेंका

- नशे में धुत युवकों ने हाइवे तथा थाने में मचाया जमकर उत्पात, चार दबोचे
- दुकानदारों व पुलिस से की अभद्रता, ग्रामीणों ने पकड़कर की धुनाई, पुलिस को सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार कस्बे के शुक्ला तिराहे व बालेर रोड पर दो बाइकों पर सवार नशे में धुत चार युवकों ने बीती रात करीब दस बजे जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उन्होंने शुक्ला तिराहे पर लगे सब्जी व फल के ठेलों से फल व सब्जी सड़क पर फैला दी। बाद में एक होटल व मकानों पर पथराव किया। इसी प्रकार बालेर रोड पर स्टेट हाइवे के बीच बाइक खड़ी कर जाम लगा दिया। विरोध करने पर ग्रामीणों से मारपीट पर आमदा हो गए। इस पर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की। बाद में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मौके से दो बाइक जब्त की है। हैड कांस्टेबल संदीप चौधरी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आशीष (18)पुत्र जयसिंह जाट, धर्मेन्द्र (23)पुत्र जुगराज जाट,नरेन्द्र (18) पुत्र हनुमान



जाट निवासी रेड़ावद तथा श्रीकांत (22) पुत्र कल्लाराम जाट निवासी भूलनपुर है। आरोपियों के खिलाफ कस्बा निवासी उमाशंकर शुक्ला व लोकेश तिवाड़ी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने प्राथमिकी में बताया कि रात करीब 10 बजे नशे में धुत दो बाइकों पर सवार होकर चार युवक शुक्ला तिराहे पर आए। उन्होंने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। बाद में एक होटल व मकानों पर पथराव करने लग गए। विरोध किया तो अभद्रता करने लगे। बाद में चारों आरोपी स्टेट हाइवे पर बालेर रोड बस्सी मोहल्ले में पहुंच गए। वहां हाइवे के बीचों बीच बाइक खड़ी कर जाम लगा दिया। बाद में लोकेश तिवाड़ी की दुकान में जबरन घुसने लगे। उसके मना करने पर एलानियां धमकी देने लगे। इस पर गुस्साए ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों ने उनकी जमकर धुनाई की।

**दो दर्जन से अधिक थी लोगों की संख्या :** पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि करीब दो दर्जन से अधिक युवक बाइकों पर सवार होकर खण्डार व बहरावण्डा खुर्द कस्बे में हुटिंग कर उत्पात मचा रहे है। सूचना पर बहरावण्डा खुर्द में पुलिस के पहुंचने से पूर्व आरोपी वहां से भाग छूटे। पुलिस ने उन्हें तलाश किया, लेकिन वे नहीं मिले। बाद में उनमें से चार आरोपियों ने खण्डार कस्बे में जमकर उत्पात मचाया। पुलिस ने घेराबंदी कर बड़ी मुश्किल से उन्हें गिरफ्तार किया।

**थानाधिकारी से भी उलझे, की अभद्रता :** थानाधिकारी गिर्राज प्रसाद वर्मा ने बताया कि आरोपियों को घेराबंदी कर बड़ी मुश्किल से गिरफ्तार किया है। उन्हें पकड़ते ही चारों आरोपी पुलिस से उलझ गए ओर अभद्रता करने लग गए। पुलिस वाहन में बैठने का विरोध करने लगे। ऐसे में उनसे कई बार समझाइश की, लेकिन वे नहीं माने। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें पुलिस वाहन में बैठाकर थाने लाए। थाना परिसर में वे नियंत्रण से बाहर हो गए। वहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। बाद में उन्हें हवालात में बंद किया।

# निवेश के नाम पर लोगों को झांसा देने का आरोपी गिरफ्तार

### कब्जे से मोबाइल भी किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में पुलिस साइबर ठगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध तरीके से लोगो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रलोभन देकर सइबर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल भी जब्त किया।

**यह था मामला**

थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि 26 दिसम्बर को सुबह पौने बारह बजे सहायक उपनिरीक्षक मय जाप्ता के गश्त करते हुए जीनापुर रेलवे अण्डपास पहुंचे। यहां दोपहर करीब ढाई बजे रोड के किनारे खाली प्लॉट की चारदीवारी पर एक लड़को अपने मोबाइल में कुछ देखते मिला। पुलिस गाड़ी व जाप्ते को देखकर वह सकपकाने लगा। संदेह होने पर लड़के से नाम पूछा तो उसने नाम कुलदीप मीना पुत्र मुरारीलाल मीना निवासी बन्धा (सूरवाल) बताया। इसके बाद उसकी तलाशी ली तो उसके दांये हाथ में टच स्कीन मोबाइल मिला। मोबाइल उपदेश मीना पुत्र कजोड़ मीना निवासी झौंपडा एवं सीम नंबर अपने पिता मुरारी पुत्र रूपचंद मीना निवासी बन्धा के नाम होना बताया। मोबाइल में कई एप्लीकेशन मिली। एक व्हाट्सएप पर तो कई संदिग्ध चेट, वीडियो नहीं मिली। लेकिन मोबाइल में दूसरा वाट्सएप मनी मार्केट के नाम से मिला। इस दौरान कई नम्बरों पर कई प्रकार के मैसेज कर उन्हें इन्वेस्ट करने के नाम से झांसा दिया जाना पाया गया।

**विनोद की जगह खुद करता था चैट**

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि विनोद कुमार मीना पुत्र कजोड़ मीना निवासी लसाड़िया (अलीगढ़) ही ज्यादातर लोगों से चैट व बातें करता है। वह ही लोगों को इन्वेस्ट करने के प्लान बताता था। विनोद मीना की अनुपस्थिति में आरोपी कुलदीप मीना भी अपने मोबाइल से ग्राहकों को इन्वेस्ट करने के लिए चैट करता था।

# संदिग्ध अवस्था में सात जने गिरफ्तार, कागजात नहीं मिलने पर कार भी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( नि.स. )।** सूरवाल थाना पुलिस ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान धनौली मोड़ पर एक कार में बैठे सात जनों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया है। साथ ही कागजात नहीं मिलने पर कार को भी जब्त कर लिया गया। थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि हेड कांस्टेबल नत्थन सिंह के निर्देशन में जाप्ता रात्रिकालीन गश्त कर रहा था। इसी दौरान धनौली मोड़ पर इस शिफ्ट कार खड़ी दिखाई दी। कार में सात जने बैठे हुए थे। मामले को गंभीर मानते हुए पूछताछ की गई तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस से उलझने लगे। इस पर सभी को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। कागजात के अभाव में पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि विष्णु गुर्जर पुत्र



प्रतापसिह गुर्जर और कुलदीप पुत्र भैरुलाल गुर्जर निवासियान लादीया थाना रैणी जिला अलवर, भोलू पुत्र सचिन गुर्जर निवासी नादीया थाना रैणी अलवर, हुकमसिह पुत्र धर्मसिह गुर्जर निवासी बिरदवाडा थाना मानपुर जिला दौसा, रिंकू प्रजापत पुत्र अमरसिंह कुम्हार निवासी सिकराय थाना मानपुर जिला दौसा, फतेहसिहं पुत्र राजाराम गुर्जर और शीशराम पुत्र धर्मसिह गुर्जर निवासियान बसवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है।

# राइजिंग राजस्थान के तहत हुए निवेश करारों को धरातल पर उतारने के लिए बने प्रभावी कार्ययोजना

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( नि.स. )।** जिले में निवेश को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए विभागीय अधिकारी राइजिंग राजस्थान के तहत हुए निवेश करारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बना कर समस्त एमओयू का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में राइजिंग राजस्थान के तहत हुए निवेश करारों की प्रगति की विभागवार



समीक्षा की गई। इस दौरान कलक्टर ने अधिकारियों को निवेश करारों को धरातल पर पर उतारने एवं निवेश करारों के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए भू आवंटन सहित समस्त प्रकार की आवश्यक कार्यवाहियों का जल्द से जल्द निस्तारित करने के भी निर्देश प्रदान किये। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनिता सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र श्रीमती शिल्पी आर. पुरोहित सहित रीको, जयपुर विकास प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के

# सनातन ज्योतिष स्थापना एवं सम्मान समारोह में ज्योतिषाचार्य जगदीश नारायण शास्त्री का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** ऑडीटोरियम विज्ञान पार्क जयपुर में एंजेल स्टार रिसर्च फाउंडेशन तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सनातन ज्योतिष स्थापना एवं सम्मान समारोह में ज्योतिषाचार्य प. जगदीश नारायण शास्त्री एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. बालकिशन शास्त्री दूनी को सम्मानित किया गया। सनातन ज्योतिष के बारे में विशेष शोध का व्याख्यान देने एवं ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए टोंक जिले के विद्वानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थागत निर्देशक मनोज कुमार गुप्ता, केपी कुंडली विशेषज्ञ राकेश सोनी, आसरा ग्रुप के निदेशक रमेश कुमावत, सम्राट पंचांग के निदेशक रवि कुमार शर्मा एवं भारती चौधरी सहित अनेक विद्वान मौजूद रहे।

# सीसीएफ कार्यालय में तैनात होमगार्ड पर जानलेवा हमला

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( नि.स. )।** रणथम्भौर बाघ परियोजना के सीसीएफ कार्यालय में एक होमगार्ड पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में होमगार्ड गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए वनकर्मी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां फिलहाल घायल होमगार्ड का उपचार जारी है। वनपाल राम सिया बैरवा ने बताया कि होमगार्ड राधेश्याम गुर्जर (52) पुत्र गोवर्धन गुर्जर निवासी बंबोरी आज सुबह सीसीएफ कार्यालय में चौकीदारी के लिए खड़ा हुआ था। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे ईडीसी गाइड भर्ती को लेकर कुछ लोग सीसीएफ अनूप के आर ज्ञापन देने आए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल एक अज्ञात युवक ने होमगार्ड राधेश्याम गुर्जर के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। उसने पास पड़े एक डंडे से होमगार्ड के ऊपर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे होमगार्ड गंभीर घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद व्यक्ति मौके से फरार हो गया। घटना का पता लगने के बाद वन विभाग के कर्मचारी घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है।

# फिर गरजा यूआइटी का पीला पंजा, अवैध कब्जे किए ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** शहर में हो रहे बेतरतीब विकास को रोकने के लिए यूआइटी ने कमर कस ली है। सरकारी भूमि पर अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमणों के खिलाफ यूआइटी की ओर से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को यूआइटी की टीम ने आलनपुर में कई अतिक्रमण ध्वस्त किए। तहसीलदार विनोद शर्मा ने बताया कि टीम हाउसिंग बोर्ड स्थित श्याम वाटिका से आगे जीनापुर रोड पहुंची। इस दौरान यहां खसरा नंबर 2504, 2506, 2518,




2519, 2520 में अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इस मौके पर यूआईटी सहायक अभियंता अमित गोयल, भू अभिलेख निरीक्षक आलोक उज्ज्वल, पटवारी राजेश शर्मा, गिरदावर राजेश, कनिष्ठ अभियंता परमेश्वर जेलिया,राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर उपस्थित रही।

**न्यास सम्पति का लगाया बोर्ड :** आलनपुर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटवाकर यूआईटी की टीम ने न्यास सम्पत्ति का बोर्ड लगाया। साथ ही अन्य अतिक्रमियों को भी हिदायत दी। नगर विकास न्यास सचिव अनूपसिंह ने बताया कि न्यास की भूमि पर ही रहे अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन को बिना भूमि संपरिवर्तन कराए भूखण्डों का क्रय-विक्रय नहीं करने को कहा है। बिना न्यास की अनुमति के हो रही अवैध प्लॉटिंग को भी ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# नाली बने तो, सडक पर कीचड नही फेलेगा

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( सत्यनारायणश्रकुमावत )।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के वार्ड न. 1 के मुख्य मार्ग पर नाली के अभाव से भन्दे बालाजी रोड़ पर कीचड फैला होने से आवागमन मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। गोरतलब है कि इस अतिव्यस्त मार्गपर जन जन के आस्था का प्रतीक खाटू श्याम का मन्दिर है तो भन्दे के बालाजी जाने वाले बजरँग भक्त भी इसी मार्ग से आते जाते है। पँचायत समिती सदस्य नेमीचँद कुमावत का कहना है कि फुलेरा कस्बे को देव स्थान भन्दै बालाजी से जोडने के अतिरिक्त किसानो को अपनी उपज का माल मण्डी मे ले जाने स्कूली बच्चो को विधामण्दिर मे आने जाने व आपात कालीन सेवाओ कै लिये यह मुख्य मार्ग है। लेकिन, सडको पर फैली गन्दगी के कारण यह मार्ग सुगम की जगह दुर्गम बनता जारहा है।



पँचायत समिती सदस्य कुमावत ने प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि ग्राम मे शीघ्र ही नालीयो का निर्माण नही हुआ तो ग्रमीण प्रशासन के विरूद्द धरना प्रर्दशन करेगें।



# साल 2024 की वो बड़ी घटनाएं जिनकी वजह से पूरे देश में चर्चा में रहा राजस्थान

**खट्टी-मीठी यादों के साथ साल 2024 समाप्त होने वाला है। लोग पुराने साल की विदाई के साथ-साथ नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं। 2024 में राजस्थान में कई ऐसी घटनाएं हुईं, जिनकी गूंज राष्ट्रीय स्तर पर सुनी गई। नरेश मीणा थप्पड़ कांड, उदयपुर चाकू कांड, जयपुर अग्निकांड सहित 2024 में घटी कई अन्य घटनाओं की वजह से राजस्थान चर्चाओं के केंद्र में बना रहा।**


## उदयपुर में पैंथर की दहशत

साल 2024 में राजस्थान के कई शहरों से पैंथर, भालू सहित अन्य जंगली जानवरों के हमलों से दहशत की खबर सामने आई। लेकिन उदयपुर के गोगुंदा इलाके में आदमखोर पैंथर ने जिस तरह की दहशत फैलाई उससे कई महीने हजारों लोगों की नींद हराम रही। 8 सितंबर को झाड़ोल और उसके बाद 19 सितंबर से गोगुंदा इलाके में पैंथर ने एक के बाद एक करीब 10 लोगों को अपना शिकार बनाया। आदमखोर पैंथर की दहशत को देखते हुए शूट एंड साइट का ऑर्डर दिया गया। पुलिस, वन विभाग, सेना के साथ-साथ खास शूटर बुलाए गए। बाद में आदमखोर पैंथर को गोली मारी गई जिसके बाद से इलाके में शांति लौट सकी।

## नरेश मीणा थप्पड़ कांड

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव मतदान के दिन टोंक जिले की देवली उनियारा सीट के निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एक बूथ पर एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। कांग्रेस के बागी नेता द्वारा एक अधिकारी को थप्पड़ मारे जाने की गूंज पूरे देश ने सुनी थी। इस थप्पड़ कांड का वीडियो भी वायरल हुआ। बाद में थप्पड़ मारने वाले नेता नरेश मीणा को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस और ग्रामीणों में झड़प हो गई थी। टोंक जिले के समरावता गांव में भारी बवाल मचा था। इस मामले के आरोपी नरेश मीणा अभी जेल में है। उनके साथ-साथ करीब 40 लोग जेल में ही है।





## किरोड़ी लाल मीणा का इस्तीफा

राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पूरे साल चर्चाओं में बने रहे। लोकसभा चुनाव में किरोड़ी लाल मीणा ने 7 सीटों की जिम्मेवारी लेते हुए कहा था- इन सीटों पर भाजपा हारी तो मंत्री पद छोड़ दूंगा। इस सात में चार सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लिहाजा किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया। बाद में उपचुनाव में दौसा से किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को भाजपा ने टिकट दिया लेकिन अफसोस की उपचुनाव में भी जगमोहन मीणा को हार का सामना करना पड़ा। अभी किरोड़ी लाल मीणा सरकार में मंत्री पद हैं। लेकिन उनके बयान और आरोप अक्सर सरकार की मुश्किलें बढ़ाते रहते हैं।

## जयपुर ऑर्गन ट्रांसप्लांट केस

जयपुर ऑर्गन ट्रांसप्लांट केस साल 2024 में खूब चर्चा में रहा। जयपुर के कई बड़े सरकारी और निजी हॉस्पिटल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के नाम पर एक बड़ा रैकेट सालों से चल रहा था। जिसका खुलासा इस साल हुआ। इस मामले में कई डॉक्टरों पर गाज भी गिरी। मामले का इंटरनेशनल कनेक्शन भी निकला। अभी सरकार द्वारा गठित एसआईटी इस मामले की जांच में जुटी है।

## डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के बेटे का विवाद

सितंबर के आखिरी सप्ताह में राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा अपने बेटे की एक रील को लेकर विवादों में घिर गए। रील में डिप्टी सीएम का बेटा अपने एक दोस्त के साथ ओपन जीप में सवार था। पुलिस की गाड़ी उसे एस्कॉर्ट कर रही थी। इस रील के कारण प्रेमचंद बैरवा पर चौतरफा हमले हुए। पार्टी में अंदरखाने से भी उन्हें नसीहत दी गई। बाद में प्रेमचंद बैरवा ने बेटे की गलती पर माफी भी मांगी। साथ ही विवाद बढ़ने पर प्रशासन ने उस गाड़ी पर 7 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।





## उदयपुर चाकू कांड

झीलों की नगरी उदयपुर में 16 अगस्त को स्कूली छात्रों के विवाद में एक छात्र को चाकू मार दिया गया था। इस घटना में चाकू मारने वाला छात्र मुस्लिम समुदाय से था, जबकि जिसे चाकू मारा गया वो हिंदू समाज का छात्र था। चाकूबाजी में घायल देवराज नामक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के खिलाफ उदयपुर में कई दिनों तक दंगे जैसी स्थिति बनी रही। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए कर्फ्यू तक लगाया गया। इंटरनेट तक प्रतिबंधित किया गया। उदयपुर की चाकूबाजी घटना ने अगस्त के महीने में राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थी।

## उदयपुर राजघराने का विवाद

महाराणा प्रताप के वंशज उदयपुर राजघराने के दो परिवारों के बीच हुआ विवाद भी इस साल चर्चाओं में रहा। उदयपुर राजघराने के दो परिवार विश्वराज सिंह मेवाड़ और लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के बीच रहे सालों पुराने विवाद ने इस साल फिर तब तुल पकड़ा, जब राजतिलक के बाद विश्वराज सिंह मेवाड़ एकलिंग मंदिर और सिटी पैलेस स्थित धूणी दर्शन को जा रहे थे। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से इन दोनों स्थलों पर दर्शन को रोक लगाई गई। बाद में प्रशासन और सरकार की पहल पर दोनों परिवारों के बीच चल रहे विवाद को शांत किया गया और प्रशासन की मौजूदगी में भी विश्वराज सिंह मेवाड़ धूणी दर्शन करने सिटी पैलेस पहुंचे।



## जयपुर अग्निकांड

20 दिसंबर की सुबह जयपुर में हुआ यह हादसा ऐसा था, जिसकी धमक न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में देखी गई। जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास गैंस कैंटर में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में गैंस टैंकर का नोजल टूट गया और फिर पलक झपकते ही इलाके में बड़ी भीषण आग फैल गई। हादसा इतना भयावह था कि तीन दर्जन से अधिक वाहन जलकर खाक हो गए। इस हादसे में अभी तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोग अभी भी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। इस हादसे के बाद राजस्थान सरकार को रोड सेफ्टी और यातायात नियमों को लेकर कड़े निर्देश जारी करने पर विवश होना पड़ा।

## बोरवेल हादसा



साल 2024 में राजस्थान के अलग-अलग जिलों से बोरवेल हादसे की कई खबरें सामने आई। जिसने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में जगह बनाई। दौसा से बोरवेल हादसे की कई खबरें सामने आई। जिसमें बोरवेल में गिरी नीरू नामक बच्ची को तो सकुशल बचा लिया गया। लेकिन आर्यन को जिंदा नहीं बचाया जा सका। इसके अलावा दौसा में एक और अधेड़ की बोरवेल में गिरने से मौत हो गई। दौसा के अलावा बाड़मेर से भी बोरवेल हादसे की खबर सामने आई।

## जोधपुर की ब्यूटीशियन अनीता चौधरी की हत्या

अक्टूबर में जोधपुर की ब्यूटीशियन अनीता चौधरी की निर्मम हत्या का मामला भी खूब चर्चाओं में रहा। अनीता की हत्या के बाद उसके लाश के कई टुकड़े कर उसे आंगन में दफना दिया गया था। अनीता की हत्या का आरोपी गुलामुद्दीन कई दिनों की मशक्कत के बाद मुंबई से गिरफ्तार हुआ था। अनीता की हत्या मामले में आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल ने जोधपुर की सड़कों पर धरना भी दिया था। बाद में प्रशासन और परिजनों से बातचीत के बाद मामले में सहमति बनी और कई दिनों तक चला गतिरोध समाप्त हुआ।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



ज्यादातर लोग आसानी से मिली हुई चीजो की कद्र नहीं करते, और फिर बाद में खो देते हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# साउथ कोरिया की संसद में हंगामा, सांसदों ने कॉलर पकड़े

## देश में 14 दिन में 3 राष्ट्रपति, इमरजेंसी के बाद महाभियोग से हटे 2 प्रेसिडेंट

बढ़ता राजस्थान

**सियोल।** साउथ कोरिया की संसद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू को महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया गया। उन्हें हटाने के पक्ष में 192 वोट पड़े, जबकि इसके लिए 151 वोटों की जरूरत थी। महाभियोग की वजह से संसद में काफी हंगामा हुआ। इस वजह से सांसदों ने एक-दूसरे के कॉलर पकड़ लिए। कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ में एक भी वोट नहीं पड़ा क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। अब वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालेंगे। चोई सांग ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया था। यून सुक योल ने 3 दिसंबर को देश में इमरजेंसी (मार्शल लॉ) लगा दिया था। हालांकि विपक्ष की कोशिशों से यह सिर्फ 6 घंटे के लिए ही लागू रह पाया। विपक्षी पार्टी ने संसद में वोटिंग के जरिए मार्शल लॉ प्रस्ताव को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ महाभियोग चलाकर हटा दिया गया था।





स्पीकर ने विपक्षी पार्टी के हित में फैसला सुनाया साउथ कोरिया की संसद में शुक्रवार को वोटिंग के दौरान खूब हंगामा हुआ। दरअसल स्पीकर ने कहा कि कार्यवाहक राष्ट्रपति को हटाने के लिए 50त्न सांसदों के वोट चाहिए होंगे। ऐसे में सिर्फ 151 सांसदों की वोटिंग से कार्यवाहक राष्ट्रपति को हटाया जा सकता था। संसद में विपक्षी पार्टियों के पास 192 सीटें हैं। ऐसे में कार्यवाहक राष्ट्रपति को हटाना आसान हो गया।

सत्ताधारी पार्टी जिनसे पास सिर्फ 108 सीटें हैं, उन्होंने इसका विरोध किया। इससे पहले राष्ट्रपति यून को हटाने के लिए 200 सीटों की जरूरत पड़ी थी। महाभियोग सफल होने के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति हान ने कहा कि वह संसद के फैसले का सम्मान करते हैं। लेकिन वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेंगे।

## वैष्णो देवी: रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ कटरा में तीसरे दिन भी बंद

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा में प्रस्तावित 'रोपवे' प्रोजेक्ट के खिलाफ शुक्रवार को तीसरे दिन भी बंद जारी रहा. प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग को लेकर और अधिक आंदोलनकारी भूख हड़ताल पर बैठ गए. श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने 72 घंटे के बंद का आह्वान किया है, जो बुधवार से शुरू हुआ. समिति ने घोषणा की है कि इस दौरान कटरा में सभी गतिविधियां निलंबित रहेंगी। महिलाएं और बच्चे भी अब उन प्रदर्शनकारियों के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने बुधवार रात को भूख हड़ताल शुरू की थी. वे प्रोजेक्ट के खिलाफ पूर्व में विरोध मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए समिति के 18 सदस्यों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। पिछले महीने, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने गुफा मंदिर तक 12 किलोमीटर लंबे रास्ते पर चलने में चुनौतियों का सामना करने वाले वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और अन्य लोगों को मंदिर तक पहुंचाने में आसानी के लिए रोपवे शुरू करने का फैसला लिया था।

### क्या है रोपवे प्रोजेक्ट का मकसद?

इस 250 करोड़ रुपये की प्रस्तावित रोपवे परियोजना का मकसद ताराकोट मार्ग को सांझी छत से जोड़ना है, जो रियासी जिले में गुफा मंदिर की ओर जाता है।

# पेपर लीक के सरगनाओं की प्रॉपर्टी होगी कुर्क

## संपत्तियों पर चिपकाया जाएगा नोटिस, 6 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के आदेश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वरिष्ठ अध्यापक, द्वितीय श्रेणी भर्ती-2022 पेपर लीक मामले के 5 आरोपियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। इसके लिए कोर्ट ने इनकी संपत्ति की कुर्की के नोटिस जारी किए है। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को 6 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के भी आदेश दिए है। इस मामले में कोर्ट ने इन आरोपियों के कोर्ट में पेश नहीं होने पर भगोड़ा घोषित कर रखा है। जयपुर मेट्रो-प्रथम की ईडी व सीबीआई मामलों की विशेष कोर्ट ने वरिष्ठ अध्यापक, द्वितीय श्रेणी भर्ती-2022 पेपर लीक मामले के आरोपी सुरेश कुमार ढाका, जोगेन्द्र सारण, सुरेश विश्नोई, प्रदीप खींचड़ व नेताराम कलबी के खिलाफ संपत्ति कुर्की के नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों को इनकी संपत्तियों पर चस्पा किया जाएगा, ताकि कोर्ट में उनकी पेशी हो सके।

### 2 साल पहले डमी कैंडिडेट्स से भरी बस पकड़ी थी

एडीजी (एटीएस व एसओजी) वी.के. सिंह ने बताया कि आरपीएससी ने वरिष्ठ अध्यापक, द्वितीय श्रेणी भर्ती-2022 के सामान्य ज्ञान व मनोविज्ञान विषय की परीक्षा 24 दिसंबर 2022 को प्रथम पारी सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित की थी। इस दौरान गोपनीय सूचना पर परीक्षा शुरू होने से पहले ही स्थानीय पुलिस उदयपुर ने पुलिस थाना बेकरिया के सामने रोड पर पिंडवाड़ा से उदयपुर आने वाली एक बस में अभ्यर्थियों व डमी परीक्षार्थियों सहित अन्य आरोपियों से सामान्य ज्ञान व शैक्षिक मनोविज्ञान विषय के प्रश्न-पत्र के सॉल्व प्रश्न पेपर बरामद किए।

### बेकरिया में 66, सुखेर में 18 आरोपी गिरफ्तार

इस बस से 37 अभ्यर्थियों सहित कुल 45 लोगों को पकड़ा गया। पेपर लीक होने के चलते इस परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। बाद में यह परीक्षा 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई। बेकरिया पुलिस थाने में दर्ज इस मामले में अभी तक 66 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इसके बाद सुखेर में भी लीक पेपर मामले के 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरेश कुमार ढाका इन दोनों मामलों में फरार चल रहा है, जबकि जोगेन्द्र सारण, सुरेश विश्नोई, प्रदीप खींचड़ व नेताराम कलबी बेकरिया मामले में फरार चल रहे हैं। इन दोनों मामलों का अनुसंधान एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार शर्मा कर रहे हैं।

## उदयपुर से 3 फ्लाइट डाइवर्ट होकर पहुंची जयपुर

### खराब मौसम की वजह से 70 पैसेंजर्स डेढ़ घंटे तक करते रहे लैंडिंग का इंतजार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टेंस एक्टिव होने के साथ ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को प्रदेश के उदयपुर में हुई बारिश के बाद विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इसकी वजह से जयपुर से उदयपुर गई फ्लाइट में मौजूद लगभग 70 पैसेंजर्स को लगभग डेढ़ घंटे तक लैंडिंग का इंतजार करना पड़ा।

इसके बाद भी जब मौसम साफ नहीं हुआ। तो फ्लाइट को फिर से जयपुर डाइवर्ट करना पड़ा। जयपुर उदयपुर फ्लाइट के साथ ही दिल्ली और मुंबई से उदयपुर जाने वाली की दो अन्य फ्लाइट को भी खराब मौसम की वजह से जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। इसकी वजह से बड़ी संख्या में पैसेंजर्स को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा।

दरअसल, जयपुर से इंडिगो की फ्लाइट 6श्च - 7465 सुबह 6:55 पर उदयपुर के लिए रवाना हुई थी। जिसे 7 बजकर 55 मिनट पर उदयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करना था। लेकिन उदयपुर में खराब मौसम की वजह से फ्लाइट लगभग डेढ़ घंटे तक लैंड नहीं हो पाई। इस दौरान फ्लाइट में मौजूद लगभग 70 पैसेंजर्स परेशान होते रहे।



# ओवरस्पीड बस गंदे नाले में गिरी, 8 मरे

बढ़ता राजस्थान

**बठिंडा (एजेंसी)।** पंजाब में बठिंडा जिले के तलवंडी साबो में शुक्रवार को प्राइवेट कंपनी की बस बेकाबू होकर नाले में गिर गई। जिसमें ड्राइवर समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों में 2 साल की बच्ची और उसकी मां भी शामिल है। एक दिव्यांग व्यक्ति की भी मौत हुई है, जो हरियाणा का रहने वाला था। मृतक ड्राइवर की पहचान मानसा के रहने वाले बलकार सिंह के रूप में हुई है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जीवन सिंह वाला गांव के पास हुआ। बस सरदूलगढ़ से बठिंडा की तरफ जा रही थी। बस में करीब 50 लोग सवार थे। हादसे की सूचना पाकर प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। बठिंडा के डीसी शौकत अहमद पर्रे ने बताया कि बस में सवार यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर बस को तेज स्पीड से चला रहा था। तभी सामने से एक बड़ा ट्राला आ गया। उससे बचने के लिए बस टर्न की गई, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से आर्थिक सहायता का ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### सीढ़ियां लेकर पहुंचे ग्रामीण

पुलिस के मुताबिक न्यू गुरु काशी ट्रांसपोर्ट की बस सवारियों को लेकर बठिंडा की तरफ जा रही थी। जीवन सिंह वाला गांव के पास बस अचानक बेकाबू होकर नाले में पलट गई। इसके बाद बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को भी इसकी सूचना दी। बठिंडा के डीसी शौकत अहमद पर्रे और स्स्क्कअमनीत कौंडल भी मौके पर पहुंच गईं। आसपास के ग्रामीण सीढ़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। सीढ़ी से लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद एम्बुलेंस से उन्हें तलवंडी साबो अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद कुछ लोगों को सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया। मृतकों के शव मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

# मोदी कल दिल्ली चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 दिसंबर को दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इस हफ्ते वे दो रैलियों में हिस्सा लेंगे। दूसरी रैली 3 जनवरी को होगी। पीएम मोदी 29 दिसंबर को रिठाला में एक नई मेट्रो लाइन की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे देश के पहले सेमी हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर के तीसरे फेज का भी उद्घाटन करेंगे। इस प्रोजेक्ट को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल प्रोजेक्ट भी कहते हैं। इसके बाद पीएम मोदी रोहिणी के जापानी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की दिल्ली इकाई ने इसके लिए मंडल अध्यक्षों से कम से कम 2 बस भरकर लोगों को लाने के लिए कहा है। वहीं, 3 जनवरी के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उत्तर-पूर्वी दिल्ली में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करन वाले हैं। इसमें दिल्ली से सहारनपुर के लिए नया हाईवे भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री दिल्ली की महिलाओं के लिए कुछ अहम घोषणाएं कर सकते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कैबीनेट की बैठक आज : गहलोत राज के छोटे जिले खत्म करने की तैयारी!

## एसआई भर्ती रद्द करने का भी हो सकता है निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। इसमें गहलोत राज में बनाए गए नए जिलों और सब इंस्पेक्टर( एसआई) भर्ती रद्द करने पर फैसला होने के आसार है। करीब छह से आठ जिलों को बड़े जिलों में मर्ज किया जा सकता है। मंत्री लेवल कमेटी का भी छोटे जिलों को समाप्त करके बड़े जिलों में मर्ज करने का मत है। नए जिलों पर बनी कैबिनेट सब कमेटी रिपोर्ट तैयार कर चुकी है। मंत्रियों की कमेटी ने भी ललित के पंवार कमेटी की सिफारिश को आधार बनाकर मापदंडों पर खरा नहीं उतरने वाले छोटे जिलों को मर्ज करने की सिफारिश की है।

### 31 दिसंबर के बाद लग जाएगी जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की रोक

सरकार को 31 दिसंबर तक नए जिलों से लेकर नई प्रशासनिक इकाइयां बनाने की छूट है। 31 दिसंबर के बाद जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर रोक लग जाएगी। 1 जनवरी से प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं फ्रिज होने के कारण नई पंचायत, नए उपखंड, तहसील से लेकर नए जिले बनाने से लेकर उनकी सीमाओं में फेरबदल करने पर रोक लग जाएगी। ऐसे में सरकार को नए जिलों पर फैसला करने के लिए केवल 31 दिसंबर तक का वक्त है। जब तक केंद्र सरकार इस छूट को आगे नहीं बढ़ाता। तब तक जिलों की सीमाओं में बदलाव संभव नहीं होगा।

### पहले सीएम ने केंद्रीय गृहमंत्री को चिट्ठी लिखी थी

एक जुलाई से नए जिले बनाने और बाउंड्री में बदलाव पर जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की रोक थी। सीएम भजनलाल शर्मा ने सितंबर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर नए जिले सहित नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर लगी रोक हटाने की मांग की थी। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने 8 अक्टूबर को आदेश जारी कर देशभर के लिए 31 दिसंबर तक नई एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट बनाने पर लगी रोक हटा दी थी।

### एसआई भर्ती रद्द करने पर कैबिनेट में फैसला होने की संभावना

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने पर कैबिनेट बैठक में फैसला हो सकता है। मंत्रियों की कमेटी भर्ती को रद्द करने की रिपोर्ट दे चुकी है। कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट के बाद इसी महीने गृह विभाग ने एसआई भर्ती को रद्द करने का प्रस्ताव सीएम भजनलाल शर्मा को भेजा है। अब इस भर्ती पर कैबिनेट में फैसला होना है।



### हाईकोर्ट की टाइम लिमिट पूरी, सरकार को देना है जवाब

पिछले दिनों हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा पर सरकार को दो सप्ताह में फैसला करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट की समय सीमा पूरी हो चुकी है। जनवरी में अगली सुनवाई के दौरान सरकार को हाईकोर्ट में जवाब के साथ स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी है। ऐसे में अब एसआई भर्ती रद्द करने पर फैसला जल्द होने के आसार है।

### 2021 के अभ्यर्थियों की फिर से एग्जाम लेने और उम्र सीमा में छूट की सिफारिश

कैबिनेट सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में भर्ती को रद्द करने की सिफारिश की थी। कमेटी ने 2021 के आवेदकों की ही नए सिरे से एग्जाम लेने और ओवरएज होने वालों को उम्र सीमा में छूट देने की सिफारिश की थी। मंत्रियों की कमेटी ने माना था कि एसआई भर्ती में भारी धांधली हुई है। कई डमी कैंडिडेट बैठाने और पेपर लीक के मामले सामने आने का तर्क देकर मंत्रियों की कमेटी ने भर्ती रद्द करने की सिफारिश की थी।